आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01
उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 5, अंक 124, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की 1 जुलाई से यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी।

## प्रत्येक गांव के नियत दायरे में हो ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा: शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश**



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी। प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा देने की बात कही।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

### उत्तराखंड के हित में शिथिल हों नीतिगत प्रावधान

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में राज्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगा उत्तराखंड राज्य सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके दृष्टिगत राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार, सुरक्षा एवं रसद आपूर्ति की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री से आग्रह किया कि सीमा सड़क संगठन के माध्यम से उत्तराखंड को और अधिक सहायता प्रदान की जाए। उत्तराखंड के हित में कुछ नीतिगत प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने का भी आग्रह किया। उत्तराखंड में वर्ष 2026 में नंदा राजजात यात्रा और वर्ष 2027 में कुंभ मेले के आयोजन हेतु केंद्र से सहयोग भी मांगा।

### एक नजर

#### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले में मंगलवार को एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध जहरीली गैस से मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना धरनावदा गांव की है जहां छह व्यक्ति एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बछड़े को बचाने के लिए छह लोग कुएं में उतरे थे। उनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में बचा लिया गया और उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया। छह में से केवल एक व्यक्ति ही सुरक्षित निकले। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की वजह से हुई।

#### गैंगस्टर रोमिल वोहरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** हरियाणा में कई हत्याओं और दिल्ली में हथियार मामलों में वांछित गैंगस्टर मंगलवार तड़के दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

# सीजफायर के बाद भी ईरान इजराइल ने दागीं मिसाइलें

## ट्रंप की ओर से जंग रुकने की घोषणा के चंद घंटे के भीतर टूटा संघर्ष विराम

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी



मिसाइल हमले में इजराइल के बीरशेबा शहर में क्षतिग्रस्त इमारतें।

- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 लोगों की मौत और 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी।

### इजराइली विमान अब हमला नहीं करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजराइल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

**श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री**

# भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## पंचायत चुनाव पर रोक बरकरार, आज सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

- सरकार ने हाईकोर्ट में पेश किया गजट नोटिफिकेशन

**अमृत विचार** : उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मामले में मंगलवार को सरकार को कोई राहत न देते हुए चुनाव पर रोक को बरकरार रखा। हालांकि सरकार का पक्ष सुनने और सभी याचिकाओं पर आज (बुधवार) सुनवाई का आश्वासन जरूर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व इस मामले को रखा गया। महाधिवक्ता ने कहा कि अदालत के आदेश से प्रदेश में पंचायत चुनाव के मामले में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने पंचायत चुनाव पर लगी रोक को हटाने की मांग करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की ओर से जो नियमावली तैयार की गई, उसका गजट नोटिफिकेशन 14 जून को हो गया था। उन्होंने गजट नोटिफिकेशन की प्रति भी अदालत को उपलब्ध कराई। अदालत ने इस मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए बुधवार की तिथि तय कर दी। अदालत याचिकाओं पर भोजनावकाश के बाद दो बजे सुनवाई करेगी।

बागेश्वर निवासी गणेश कांडपाल व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया विगत शनिवार से शुरू हो गई है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई थी।

### नामांकन सहित अन्य कार्यवाही स्थगित

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार शाम अधिसूचना जारी कर उच्च न्यायालय द्वारा सोमवार को जारी स्थगन आदेश के अनुपालन में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित नामांकन और अन्य कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की है। राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार ने बीते शनिवार को अधिसूचना जारी कर हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों में दो चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा की थी। पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान 10 जुलाई को होना था, जबकि दूसरे चरण का मतदान 15 जुलाई को होना था। मतगणना 19 जुलाई को होनी थी और नामांकन प्रक्रिया आगामी 25 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलनी थी। राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार ने मंगलवार देर शाम जारी अधिसूचना में कहा कि 25 जून से होने वाली सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों जैसे नामांकन दाखिल करने आदि को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

- जस्टिस वर्मा मामले में संसदीय समिति ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया।

## निपाह वायरस का मिनटों में पता लगाएगी पोर्टेबल किट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे पांच लाख रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की।

इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है।

## उपराष्ट्रपति आज से नैनीताल भ्रमण पर

**नैनीताल।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से तीन दिवसीय भ्रमण पर नैनीताल में रहेंगे। इसको लेकर हल्द्वानी से नैनीताल के बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। एडीएम प्रशासन विवेक रॉय ने बताया कि उपराष्ट्रपति बुधवार को बरेली एयरपोर्ट से प्रातः 8:50 बजे प्रस्थान कर प्रातः 9:30 बजे आर्मी हेलीपैड हल्द्वानी पहुंचेंगे, जहां से कार द्वारा नैनीताल जाएंगे। सुबह 11 बजे वे कुमाऊं विवि के स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। शुक्रवार सुबह शेरवुड कॉलेज के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 12:30 बजे आर्मी हेलीपैड से बरेली एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे।

## ड्रंक एंड ड्राइव का शौक चढ़ा, नाबालिगों में बढ़ी रफ्तार की होड़

- चिंता: आंकड़ों ने बिगाड़ा राजधानी में ड्राइविंग सिविलाइजेशन का चेहरा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**राहत : देहरादून पुलिस की मुहिम से सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ गिरा**

**आंकड़ों में वृद्धि**

| मद | वर्ष 2023-24 | वर्ष 2024-25 |
|---|---|---|
| नाबालिग द्वारा वाहन चलाना | 26 | 266 (923%) |
| रेड लाइट जंप | 177 | 875 (394%) |
| शराब पीकर वाहन चलाना | 526 | 2535 (381%) |
| ट्रिपल राइडिंग | 843 | 2370 (181%) |
| खतरनाक तरीके से वाहन चलाना | 425 | 993 (133%) |
| बिना हेलमेट | 4416 | 8932 (102%) |
| मोबाइल फोन का प्रयोग | 609 | 1209 (98%) |
| ओवर स्पीड | 634 | 1240 (95%) |

**आंकड़ों में कमी**

| | वर्ष : 2024 | वर्ष : 2025 |
|---|---|---|
| दुर्घटना/प्रतिशतवार | 217 | 172 (21%) |
| मौत | 89 | 70 (21%) |
| घायल | 173 | 126 (27%) |

**अमृत विचार** : राजधानी देहरादून में विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष के शुरुआती पांच माह में सड़क हादसों में 21 प्रतिशत तक की कमी आई है। जबकि शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रंक एंड ड्राइव), रैश ड्राइविंग, रेड लाइट जंप और नाबालिगों के हाथों में बढ़ी रफ्तार के चढ़ते ग्राफ ने चिंता को बढ़ा दिया है। ऐसे उदासीन वाहन चालकों को अपनी और अपनों की कतई परवाह नहीं है। पुलिस ने भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कई गुना अधिक कार्रवाई की है।

सड़क सुरक्षा की दृष्टि से दून पुलिस की लगातार मुहिम का सड़क हादसों पर काफी असर दिखा है। विगत डेढ़ वर्ष में पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 2 लाख से अधिक वाहन चालकों का चालान किया। वहीं, पिछले साल 1,44,844 चालान कर 15,15,77,446 रुपये जुर्माना तो इस साल 74,356 चालान कर 8,87,10,224 रुपये जुर्माना वसूला जा चुका है।

एसएसपी अजय सिंह ने जून माह में हुए सड़क हादसों के कारणों की जांच के साथ ही सभी थाना प्रभारियों को सड़क हादसों के कारणों की जानकारी कर उनकी रोकथाम को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस साल मई माह तक के ट्रैफिक आंकड़े जारी किए गए हैं।


समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को उनके प्रिय समाचार पत्र
अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रस्तुति
बबलू चन्द्रा 'चन्दन'
अमृत विचार, नैनीताल


ALL SAINTS' COLLEGE
NAINITAL
FOUNDED IN 1869
DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class I to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
BEST SCHOOL OF SPORTS
Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org


Khurpatal Lake Inn
Khurpatal, Nainital
Website https://g.co/kgs/61iY3HF
Cont - 09119792346
Mail : khurpatallakeinn@gmail.com


अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विमल चौधरी
उपाध्यक्ष, उत्तराखंड ऑलंपिक संघ
कोषाध्यक्ष, साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया, नैनीताल


अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HOTEL CHANNIRAJA
The Mall, Nainital-263001, Uttarakhand
Ph. : 05942-235624, 235643, 232859


अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HOTEL PRIM ROSE
The Mall, Nainital
Just Above the Mall
A Home away from Home
• Spacious Parking Facility
• Amidst Beautiful Green Environment
• Spacious Rooms with all Modern Amenities
Tel : 05942-237524, Mob : 9760467524
E-mail : primerose.hotels@gmail.com


अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जे के शर्मा
सामाजिक कार्यकर्ता
नैनीताल


अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
BALRAMPUR HOUSE
HERITAGE RESORT
Mallital, Nainital, Uttrakhand, India
Tel.: 011 41047853, 011-23384495
balrampurhotels.deloffice@gmail.com


अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
LEISURE HOTELS
experience 'more'
THE NAINI RETREAT
Ayarpatta Slopes, Hari Bhawan, Mallital, Nainital-263001
Tel.: 235105, 235108, 9568466130
E-mail: nainital@leisurehotels.in


अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शांति मेहरा
उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद, उत्तराखंड, नैनीताल


अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
New Original
SHIVA RESTAURANT
The Only Place for Veg. Lovers
33, 34, Bara Bazar, Mallital, Nainital (Uttarakhand)
9837361562, 05942-237521
E-mail : tandonpankaj983@gmail.com


अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
LAKESIDE INN
THE MALL, NAINITAL
Tel.: (05942) 235777
E-mail: lakesideinnnainital@rediffmail.com
FINEST LOCATION :
19 LUXURIOUSLY FURNISHED ROOMS.
FACING THE LAKE., CABLE T.V.,
PARKING FACILITY, RESTAURANT, DOCTOR ON CALL.


अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Hotel Moon
Excellent Hospitality
Near A.T.I., Mallital, Nainital

**आज का मौसम**

आसमान में बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

| 31.0° | 25.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 19.15 |

## एक नजर

### टैक्स में छूट पर व्यापार मंडल ने जताई खुशी

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग नगर व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि महापौर गजराज बिष्ट ने नगर निगम के नव विस्तारित क्षेत्रों के व्यापारियों को राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि इन क्षेत्रों से टैक्स की वसूली नए वित्तीय वर्ष से ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पूर्व की तिथि का कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा। यह निर्णय व्यापारियों के हित में है और संगठन लंबे समय से इसे लेकर प्रयासरत था। गुप्ता ने कहा कि महापौर ने अधिकारियों को भी निर्देशित कर दिया है कि किसी व्यापारी का उत्पीड़न न हो।

### कार में काली फिल्म लगाने वालों पर कार्रवाई

**हल्द्वानी :** कार के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों पर कार्रवाई करते हुए चार वाहनों की फिल्म हटाई और उनके चालान किए गए। साथ ही 263 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 17 वाहन सीज किए गए। 10 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए।

# नए वार्डों के आवासीय भवनों से निगम 1 अप्रैल 2028 से वसूलेगा टैक्स

## व्यावसायिक और अनावासीय भवनों से वित्तीय वर्ष 2025-26 से ही लिया जाएगा टैक्स, सत्यापन के लिए भेजे गए सूचना प्रपत्र से फैली भ्रम की स्थिति हुई दूर

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** नगर निगम क्षेत्र में 2018 में शामिल नए वार्डों में आवासीय भवनों से 10 साल पूरे होने पर यानी 1 अप्रैल 2028 से ही टैक्स लिया जाएगा। जबकि व्यावसायिक और अनावासीय भवनों से वित्तीय वर्ष 2025-26 से ही टैक्स लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नए वार्डों के लोगों को नगर निगम की ओर से पत्र भेजे जा रहे हैं, जिसमें टैक्स को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इसे लेकर सोमवार को मुखानी, लालडांठ, कालाढूंगी रोड और पीलीकोठी क्षेत्र के लोगों ने लालडांठ तिराहे पर प्रदर्शन भी किया था। जिस पर महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने मंगलवार को स्थिति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में शामिल नए वार्डों में स्थित भवनों का शासन के वित्त व शहरी विकास विभाग की ओर से जीआईएस आधारित सर्वे कराया गया था।

सर्वे पूरा होने के बाद शहरी विकास निदेशालय की ओर से सर्वे डाटा की हैंड होल्डिंग प्रक्रिया शुरू करने के लिए 10 बड़े नगर निकायों को निर्देश दिए गए हैं। जिसमें भवन स्वामी द्वारा अपने भवन का डाटा सत्यापन कराना है। इस प्रक्रिया के लिए भवन स्वामियों को उनके भवन का सर्वे डाटा व सूचना पत्र भेजा जा रहा है। सूचना पत्र में भवन कर को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होने के कारण नए वार्डों के लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। अब निगम की ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

### जल्द ही क्यूआर कोड से भी जमा कर सकेंगे टैक्स

नगर निगम के नए वार्डों में भी जल्द ही लोग क्यूआर कोड की मदद से अपने व्यावसायिक/अनावासीय भवनों का टैक्स जमा कर सकते हैं। वर्तमान में नगर निगम की ओर से इसे लेकर प्रक्रिया चल रही है, जो अपने अंतिम चरण में है। क्यूआर कोड की सहायता से लोग घर बैठे टैक्स जमा कर पाएंगे। जिससे उन्हें बार-बार नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर निगम के कर अधीक्षक महेश पाठक ने बताया कि नए वार्डों में कमर्शियल/अनावासीय भवनों से टैक्स लिया जाएगा। जिसमें दुकान, फैक्ट्री, रेस्टोरेंट, बारातघर आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर ऑनलाइन टैक्स जमा करने का सिस्टम बनाया जा रहा है, जिसमें क्यूआर कोड की मदद से लोग टैक्स जमा कर सकते हैं।

# फिटनेस कराई पर खनन में शामिल नहीं हुए 663 वाहन

- डीएलएम ने एआरटीओ को भेजी 9079 वाहनों की सूची, आरटीओ कार्यालय में 9742 वाहनों का हुआ है सत्यापन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वन निगम के डीएलएम ने आरटीओ कार्यालय को पंजीकृत खनन वाहनों की सूची भेज दी है। डीएलएम की ओर से भेजी गई सूची के अनुसार खनन में कुल 9079 वाहन लगे हैं। जबकि परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 9742 खनन वाहनों का सत्यापन हुआ है। इस तरह आरटीओ कार्यालय में 663 अधिक वाहनों ने फिटनेस और सत्यापन कराया है। उल्लेखनीय है कि आरटीओ कार्यालय में टैक्स से आने वाले राजस्व में कमी आने के साथ ही फिटनेस कराने वाले वाहनों की संख्या में भी कमी देखने को मिली है। इस वजह से परिवहन विभाग को यह अंदेशा हुआ कि खनन में सत्यापन और फिटनेस किए गए वाहनों के अलावा अवैध तरीके से तो वाहन नहीं चल रहे हैं। जिससे विभाग को राजस्व की चपत लग रही है। साथ ही सड़क सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा है। जिस पर बीती 17 मई को एआरटीओ बीके सिंह ने वन विकास निगम के डीएलएम को पत्र भेजकर गौला और नंधौर से जुड़े खनन वाहनों की सूची मांगी थी।



### खनन समितियों ने अभी तक नहीं दी सूची

**हल्द्वानी :** एआरटीओ बीके सिंह ने बीती 30 मई को सभी खनन समितियों जिसमें गौला खनन मजदूर उत्थान समिति, डंफर एसोसिएशन, नंधौर खनन समिति और गौला संघर्ष समिति से 2010 से पूर्व पंजीकृत वाहनों की सूची मांगी थी। लेकिन अभी तक समितियों की ओर से ऐसे वाहनों की सूची आरटीओ कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गई है।

जिस पर डीएलएम की ओर से एआरटीओ को 9079 खनन वाहनों की सूची भेज दी गई है। सूची मिलने के बाद जब एआरटीओ बीके सिंह ने परिवहन विभाग के पोर्टल पर सत्यापित खनन वाहनों की जांच की तो इसमें 9742 वाहन पंजीकृत मिले। इस तरह देखा जाए तो 663 वाहनों ने फिटनेस और सत्यापन तो कराया लेकिन खनन में भाग नहीं लिया।

एआरटीओ ने जब 663 वाहनों की संख्या अधिक होने को लेकर डीएलएम से जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि नंधौर में कई खनन वाहनों ने अपने वाहन कैंसिल कराए जिस वजह से इन वाहनों का पंजीकरण निरस्त हो चुका है। यही कारण है कि इन वाहनों ने आरटीओ कार्यालय से फिटनेस और सत्यापन भी नहीं कराया है। कुछ वाहनों का स्वामित्व परिवर्तन हुआ है। जिस वजह से ये वाहन खनन कार्य में शामिल नहीं हुए। इसके अलावा कुछ वाहन स्वामी अन्य कारणों से खनन कार्य में शामिल नहीं हुए।

# खनन वाहन स्वामियों को फिटनेस में सशर्त छूट मिली

संवाददाता, हल्द्वानी

**29** जून शाम 5 बजे तक वाहन की आरसी और परमिट करेंगे जमा

**अमृत विचार:** खनन से जुड़े 15 साल से अधिक पुराने पंजीकृत वाहनों को फिटनेस में छूट दी गई है। अब इन वाहनों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत सरेंडर करते समय फिटनेस की शेष राशि जमा करनी होगी।

सरेंडर करते समय वाहन स्वामी को आरटीओ कार्यालय में 100 रुपये की रसीद काटनी होगी। सभी खनन वाहन स्वामियों को 29 जून शाम 5 बजे तक वाहन की आरसी और परमिट जमा करने के लिए कहा गया है। साथ ही आरटीओ कार्यालय में एक अंडरटेकिंग देनी होगी जिसके अनुसार उन्हें वाहन रिलीज कराने से पहले बकाया फिटनेस जमा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि आरटीओ कार्यालय की ओर से खनन वाहनों को फिटनेस में मिलने वाली छूट को समाप्त कर दिया गया था। जिसे लेकर बीते सोमवार को वाहन स्वामियों ने आरटीओ सुनील शर्मा को ज्ञापन दिया और पुरानी प्रक्रिया के तहत छूट देने की मांग की। इस पर मंगलवार को आरटीओ सुनील शर्मा ने आदेश जारी कर खनन वाहन स्वामियों को फिटनेस में सशर्त छूट प्रदान की है।

### सरेंडर करने पर नहीं पड़ेगा चार माह का टैक्स

खनन वाहन स्वामियों को वाहन सरेंडर करने के दौरान चार माह का टैक्स का भुगतान नहीं करना होगा। जुलाई में सरेंडर होने वाले वाहनों को नवंबर में खनन सत्र फिर से शुरू होने पर रिलीज किया जाएगा। इस दौरान वाहनों का संचालन होने पर कार्रवाई की जाएगी। विभाग की ओर से सरेंडर अवधि के अलावा खनन वाहनों को एक वित्तीय वर्ष के दौरान टैक्स के भुगतान के लिए दो माह की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। एआरटीओ बीके सिंह ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों को खनन के अलावा अपने वाहन का संचालन करना हो, वे इस अवधि का टैक्स जमा कर संचालन कर सकते हैं।

# पर्यटकों की कार का ब्रेक फेल, मासूम की मौत

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कैंची धाम के दर्शन कर लौट रहे फतेहपुर, यूपी के पर्यटकों की कार का ब्रेक फेल हो गया। कार अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकरा गई। हादसे में एक मासूम की मौत हो गई, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं।

विरेंद्र कुमार सोनकर निवासी ग्राम महादेवपुर थाना हुसैनगंज फतेहपुर, यूपी पत्नी प्रत्यूसा, पुत्री कृतिका उम्र आठ साल, माता रामश्री देवी, पिता हरिलाल, बहन व उनके दो बच्चों के साथ कैंची धाम दर्शन के लिए आए थे। मंगलवार को वह कार से नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग से वापस लौट रहे थे। नगर से दो किमी पहले लाल मिट्टी के पास गाडी के ब्रेक फेल हो गए। कार क्रैश बैरियर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कृतिका गंभीर घायल हो गईं। राहगीर उसे बाइक से सीएचसी लाए, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया। दुर्घटना में परिवार के अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने घायलों को 112 से सीएचसी पहुंचाया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। घायल कृतिका ने रास्ते में दम तोड़ दिया। यहां पर आएदिन हादसे होते हैं। कालाढूंगी-नैनीताल मोटर मार्ग में लाल मिट्टी पर हुए कार हादसे में क्रैश बैरियर ने कई पर्यटकों की जान बचाई। कार के ब्रेक फेल होने पर अगर क्रैश बैरियर नहीं होता, तो कार सीधे खाई में गिर जाती। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।



घायलों से जानकारी लेता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत

**हल्द्वानी :** गौलापार में कार चालक और बाइक सवार की भिड़ंत हो गई। कार चालक घायल को लेकर अस्पताल पहुंचा। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। काठगोदाम पुलिस के अनुसार कालीचौड़ मंदिर के पास सुल्तानपुरी निवासी 55 वर्षीय भोपाल राम बाइक से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान चोरगलिया की ओर से काठगोदाम आ रही कार से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि कार चालक ने घायल को सड़क से उठाकर एसटीएच पहुंचाया। मगर उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक काश्तकार था। शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है।



दुर्घटना में घायल बालिका।

### हादसे में हरियाणा की दंपती व पुत्री घायल

**कालाढूंगी :** नैनीताल से घूम कर लौट रहे हरियाणा के पर्यटकों की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दंपती और उनकी पुत्री घायल हो गई। उपचार के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। वैभव बंसल निवासी गुरुग्राम हरियाणा अपनी पत्नी शुभी बंसल व पुत्री नाईसा के साथ नैनीताल से घूम कर लौट रहे थे। नगर से दो किमी दूर सामने से आ रही कार को बचाने में उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। दूसरी कार में बैठे लोगों को भी मामूली चोटें आईं। मौका देख चालक फरार हो गया। हादसे में वैभव बंसल व अन्य घायल हो गए। थानाध्यक्ष विजय सिंह मेहता ने बताया कि सभी पर्यटक सुरक्षित हैं।

# पड़ोसियों ने महिला के सिर पर मारी ईंट

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** रास्ते को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की महिला के सिर पर ईंट मार दी। महिला के सिर में गहरी चोट लग गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

काठगोदाम, शीशमहल निवासी सीता तिवारी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनके घर के सामने रास्ते को लेकर उनका पड़ोसी से विवाद चल रहा है। क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने रास्ते में निर्माण कार्य में रोक लगाई है। प्राधिकरण की रोक के बाद भी पड़ोसी निर्माण कर रहा है। इसको लेकर उन्होंने सोमवार को विरोध किया। इस बात से पवन तिवारी, रजत तिवारी और पीयूष तिवारी भड़क गए और कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि सीता के सिर में ईंट मार दी और वह घायल हो गई। पुलिस ने मामले में तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देवखड़ी नाले पर अतिक्रमण के 32 नोटिसों के दिए जवाब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से देवखड़ी एवं रकसिया नालों पर अवैध कब्जाधारकों की सुनवाई लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी है। मंगलवार को टीम ने सुभाष नगर में कैंप लगाकर नोटिसों के जवाब लिए। अब तक 32 ने नोटिसों के जवाब दिए हैं।

मंगलवार को प्रशासन, नगर निगम, राजस्व समेत विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में कैंप लगाया। जहां देवखड़ी नाले के अतिक्रमणकारियों के नोटिसों के जवाब लिए गए। 32 लोगों ने नोटिसों के सापेक्ष जवाब दिए। उन्होंने भूमि के मालिकाना हक के दस्तावेज, नगर निगम की हाउस टैक्स, बिजली-पानी की रसीदें वगैरह भी दिखाई। साथ ही कहा कि यदि उनकी सुनवाई नहीं की गई तो वे कोर्ट की शरण भी लेंगे। प्रशासन ने बीते सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय तल्लीबमौरी में कैंप लगाया था जिसमें 47 लोगों ने अपना पक्ष रखा था। इस तरह अब तक 79 लोगों ने प्राकृतिक नालों देवखड़ी व रकसिया नालों पर अतिक्रमण पर जारी नोटिसों के विरोध में जवाब दिया है।



सुभाष नगर में आयोजित कैंप में आपत्ति जताते लोग। ● अमृत विचार

जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों के संयुक्त सर्वे के बाद रकसिया नाले पर 386 तथा देवखड़ी नाले के 206 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए थे। तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने बताया कि आज आरटीओ रोड स्थित रेशम विभाग हल्द्वानी में कैंप लगाया जाएगा जहां आसपास वाले नोटिसों को लेकर अपना जवाब पेश कर सकते हैं। जिनकी भूमि सही होगी उनके नोटिस निरस्त होंगे।

# एक कर्मचारी के सहारे चल रहा आधार केंद्र

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** प्रधान डाकघर में आधार सेवा केंद्र में तकनीकी खराबी के चलते एक काउंटर पिछले तीन-चार दिनों से बंद पड़ा है। इससे आधार से जुड़े कार्यों के लिए आए लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि पहले यहां दो काउंटरों के जरिए आधार बनवाने और अपडेट कराने की सुविधा दी जाती थी, लेकिन अब एक ही कर्मचारी पूरे केंद्र का संचालन कर रहा है। मंगलवार को स्थिति और भी खराब नजर आई। केंद्र के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी कतार लगी रही। केबिन के भीतर घुसने के लिए लोगों में धक्का-मुक्की तक होती दिखी।

अंदर मौजूद कर्मचारी को चार-पांच लोग घेर कर खड़े थे और अपनी बारी के इंतजार में जूझते नजर आए। रेलवे बाजार निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह सुबह से लाइन में हैं, लेकिन अब तक नंबर नहीं आ पाया है। सदफ नामक महिला ने बताया कि वह सुबह 11 बजे आधार अपडेट कराने आई थीं और दो घंटे से अधिक हो चुके हैं लेकिन काम नहीं हो पाया है। पोस्टमास्टर गौरव जोशी ने बताया कि एक काउंटर के आधार सिस्टम में तकनीकी खराबी आई है, जिसे ठीक करने के लिए भेजा गया है। जल्द ही दूसरा काउंटर भी चालू कर दिया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# पहले खाते में डाले 50 हजार फिर उड़ाए 7.50 लाख

संवाददाता, हल्द्वानी

- साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग का दिया झांसा
- साइबर ठगों के जाल में फंसा हल्द्वानी का व्यापारी

**अमृत विचार:** साइबर ठगों ने लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए उनके बैंक खाते में कुछ रकम डाल विश्वास जमा रहे हैं। शिकार को विश्वास में लेने के बाद फिर लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। हल्द्वानी में एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां साइबर अपराधियों ने एक कारोबारी को स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग करने के नाम पर दो प्रतिशत कमीशन का लालच दिया। शुरूआती मुनाफे में उसके बैंक खाते में 50 हजार रुपये डाले और बाद में खाते से 7.50 लाख रुपये उड़ा लिए।

अब्दुल्ला बिल्डिंग, बरेली रोड निवासी मोहम्मद आसिम अली खान इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 15 फरवरी को उन्हें व्हाट्स ऐप पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसका नाम प्रियांशु है और वह स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग एक्सपर्ट है। अगर वह उसकी बताई स्कीम में धन का निवेश करें तो उन्हें काफी फायदा होगा। कारोबारी का भरोसा जीतने के लिए पहले साइबर ठग ने उनके बैंक खाते में 50 हजार रुपये डाल दिए। जिससे कारोबारी का विश्वास हो गया कि वह सही व्यक्ति के साथ डील कर रहे हैं। इस विश्वास का फायदा उठाते हुए आरोपी ने नेट बैंकिंग की आईडी और पासवर्ड मांगा और उनका अकाउंट पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया। आरोप है कि 17 से 20 फरवरी तक चार दिन में उनके खाते से 100 से अधिक बार ट्रांजेक्शन किए गए, जिनकी कुल राशि 2,34,45,486 रुपये थी। आरोप है कि यह रकम धोखाधड़ी से हड़पी गई होगी और इसे ठिकाने लगाने के लिए उनके खाते का गलत इस्तेमाल किया गया। बाद में साइबर ठग ने उनके बैंक खाते से बीती 21 फरवरी को 7.50 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित समझ गया कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है और उसने इसकी जानकारी बैंक को दी। बैंक ने उनके बैंक खाते को ब्लॉक कर दिया। बैंक के मुताबिक खाते में संदिग्ध लेन-देन सामने आए हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**समस्या** — खेड़ा, देवला, विजयपुर समेत कई गांवों में बिना सूचना होती है बिजली कटौती, समाधान को तरस रहे क्षेत्र के लोग

# गौलापार में घंटों हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण बेहाल

हल्द्वानी, संवाददाता

**अमृत विचार:** गौलापार क्षेत्र के कई गांव इन दिनों गंभीर बिजली संकट से जूझ रहे हैं। खेड़ा, देवला मल्ला-तल्ला, विजयपुर और खेड़ा तल्ला-मल्ला क्षेत्र में रोज़ाना सुबह आठ बजे से बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो जाती है, जो कई बार घंटों जारी रहती है। बिना किसी सूचना की कटौती अब स्थायी समस्या का रूप ले चुकी है, जिससे आम जनता की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

गौलापार में घंटों की बिजली कटौती आम हो गई है। दिन से लेकर रात तक हर समय कटौती से लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली जाने का कोई तय समय नहीं है और न ही विभाग की ओर से कोई सूचना दी जाती है। पिछले कई महीनों से यह सिलसिला लगातार जारी है।



वर्तमान में उमस भरे मौसम ने हालात और कठिन बना दिए हैं। बिना पंखे-कूलर के रहना अब स्वास्थ्य और मानसिक तनाव का कारण बनता जा रहा है। गांवों में बिजली आपूर्ति की अनदेखी न सिर्फ जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि विकास और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी बाधा बन रही है। गौलापार की जनता कहना है कि जब शहरों में निर्बाध आपूर्ति संभव है तो ग्रामीण क्षेत्रों के साथ यह भेदभाव क्यों हो रहा है।

क्षेत्रवासी चाहते हैं कि बिजली आपूर्ति को नियमित और पारदर्शी बनाया जाए और बिजली कटौती का शेड्यूल सार्वजनिक किया जाए। साथ ही क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो जनता को मजबूरन विरोध प्रदर्शन जैसे कदम उठाने पड़ेंगे।



हम सुबह से शाम तक खेत में काम करते हैं, लेकिन पानी की मोटर चलाने के लिए बिजली नहीं मिलती। सोलर सिस्टम सबके पास नहीं है, और डीजल बहुत महंगा है। विभाग को हमारी मुश्किल समझनी चाहिए। **-नरेंद्र मेहरा**, स्थानीय निवासी



हमने सोचा था कि अब गांव भी विकास से पीछे नहीं रहेंगे, लेकिन बिजली की हालत देखकर लगता है जैसे हम फिर से 20 साल पीछे चले गए हैं। न कोई सूचना, न कोई समाधान ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। **-पूरन सिंह कार्की**, स्थानीय निवासी



हर दिन सुबह से ही बिजली चली जाती है। ट्यूबवेल चलाना मुश्किल हो गया है, फसल सूख रही है। बिजली नहीं मिलेगी तो खेती कैसे होगी? हमारी मेहनत पर पानी फिर रहा है। **-राम सरीफ**, स्थानीय निवासी



हमने जीवन भर गांव की तरक्की का सपना देखा, लेकिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। बिना सूचना बिजली चली जाती है, और कोई पूछने वाला नहीं है। **-निरंजन सिंह**, स्थानीय निवासी

लाइनों में पेडों के टकराने से ट्रिपिंग की समस्या आ रही है, जिन-जिन क्षेत्रों में यह समस्या आ रही है वहां हम पेड़ों की लॉपिंग-चॉपिंग कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिसके बाद बिजली की आपूर्ति नियमित तौर की जाएगी। **-यूके भास्कर**, एसडीओ गौलापार

# मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए गैंग के 12 सदस्य लिये हिरासत में

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सोमवार को आईटीआई गिरोह के सदस्यों ने कैंटरिंग कारोबारी को गोली मार दी थी और उसके दो साथियों पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपियों को पकड़ने के लिए गिरोह के 12 सदस्यों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अन्य राज्य में भी मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है।

चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी भाष्कर बोरा कैंटरिंग का काम करता है। सोमवार को वह अपने साथी चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी नीरज भगत, हरीश महरा व गणेश दरम्वाल के संग कार से मुखानी की तरफ जा रहा था। उस समय कार को नीरज भगत चला रहा था। जैसे वह बिड़ला स्कूल के पास पहुंचे बाइक सवारों ने उनकी कार को रुकवा दिया। कार रुकवाने पर भाष्कर कार से बाहर उतरा। इतने में बाइक सवार राजा ने एक गोली हवा में चला दी। उसके बाद उसने दूसरी गोली भाष्कर के पेट व तीसरी गोली पैर में मार दी थी। इसके बाद करीब दो दर्जन युवक मौके पर पहुंच गए और कार सवार युवकों पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में भाष्कर, हरीश व गणेश को काफी चोटें हुईं। घटना के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। भाष्कर का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। यहां उसकी स्थिति गंभीर है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी की तलाश में एसओजी भी जुटी है। साथ ही यूपी में भी उसकी तलाश हो रही है। पुलिस की घटना की प्राथमिकी दर्ज करने वाली है। आईटीआई गैंग के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार आईटीआई गिरोह व घुड़दौड़ गिरोह के सदस्यों में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। कुछ दिनों पहले साप्ताहिक बाजार में घुड़दौड़ा के लड़कों ने आईटीआई गिरोह के एक सदस्य को पीट दिया था। माना रहा है कि यह घटना बदले के रूप मे हुई है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि मामले में पुलिस आरोपितों के घरों की कुर्की कर सकती है।

आरोपियों की तलाश में पुलिस की दो टीमें जुटी हुईं हैं। उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी।

# वोट देने के अधिकार से वंचित नहीं कर सकते

## अतिक्रमणकारियों का नाम वोटर लिस्ट से हटाने संबंधी याचिका पर सुनवाई, हाईकोर्ट का सख्त रुख

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय चुनाव से सम्बंधित वोटर लिस्ट से राज्य सरकार द्वारा अतिक्रमणकारियों का नाम हटाने संबंधी याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए सख्त रुख अपनाया है।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे इस सम्बंध में अपना प्रत्यावेदन विभाग को दें। विभाग उसको विधि अनुसार निस्तारित करे। अगर उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो वे फिर से कोर्ट में आ सकते हैं। पीठ ने आगे कहा कि वोट देने का यह अधिकार उन्हें संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत दिया गया है। इससे उनको न तो कोर्ट और न ही सरकार वंचित कर सकती है। अगर वे अतिक्रमणकारी भी हैं तो उन्हें उसका नोटिस दें। उस पर कार्यवाही करें। जो सरकार ने नियमावली बनाई है, वह आधारहीन है।

मामले के अनुसार, ऊधमसिंह नगर जिले के आनंद नगर निवासी भजन व अन्य ने दायर याचिका में कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी एक शासनादेश में कहा गया कि जिन लोगों के द्वारा सरकारी, वन भूमि व अन्य जगहों पर अतिक्रमण किया गया है उनको वर्ष 2025 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वोट देने और प्रतिभाग करने से वंचित किया जाएगा। जारी वोटर लिस्ट से पता चला कि उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। आरोप लगाया कि सरकार ने उनका वोट देने का अधिकार छीन लिया है जबकि वे इससे पहले के सभी चुनावों में वोट देते आए हैं। उन्हें प्रधामंत्री आवास योजना में आवास मिले हैं, अब वे कैसे अतिक्रमणकारी हो गए। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि, वर्तमान सरकार अपना वोट बैंक मजबूत करना चाह रही है। हमारा जनसेवक दूसरी पार्टी से है इसलिए उनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया।

### फीका नदी में खनन पर सरकार से रिपोर्ट तलब

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने जसपुर की फीका नदी में अवैध खनन संबंधी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई कर सरकार को रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है। सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि अवैध खनन कारोबारी पर जिला प्रशासन ने 16 लाख रुपये जुर्माना लगाया है लेकिन यह राशि जमा नहीं करने पर भी अब प्रशासन ने जुर्माना जमा नहीं करने पर आरसी काट दी है। सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता की तरफ से आरोप लगाते हुए कहा गया कि आरसी तो काट दी लेकिन खनन कार्य गतिमान है। मामले के अनुसार, जसपुर निवासी फईम अहमद ने जनहित याचिका में कहा कि तहसील जसपुर के किशनपुर, पूरनपुर, गूलरभौजी, राजपुर, विक्रमपुर क्षेत्र में फीका नदी बहती है। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा अवैध खनन करने के साथ-साथ नदी के किनारों से मिट्टी का खुदान भी किया जा रहा है, जिसकी वजह से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ किसानों को खेती करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की।

### शुल्क वसूली याचिका पर अब 15 को सुनवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने फ्लोर मिल मालिकों से नियम विरुद्ध अतिरिक्त शुल्क वसूलने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई हेतु 15 जुलाई की तिथि नियत करते हुए रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हल्द्वानी व ऊधमसिंह नगर के फ्लोर मिल संचालकों की याचिका में आरोप लगाया गया कि उनसे राज्य सरकार द्वारा नियम विरुद्ध अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि फ्लोर मिल जिस मंडी से गेहूं व अन्य सामग्री की खरीद करेगी, वह उसी मंडी को शुल्क देगी, नकि जिस मंडी में उसका रजिस्ट्रेशन है लेकिन सरकार व मंडी परिषद शुल्क वसूल रही हैं। उनको दो जगह शुल्क देना पड़ रहा है इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसमें स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हैं।

## अब विभक्त होगा मोहन-कुमेरिया फीडर

**रामनगर:** मोहन-कुमेरिया फीडर को अब दो भागों में विभक्त किया जा रहा है। एक और नया फीडर बनाया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लाभ होगा। विद्युत वोल्टेज बढ़ेगी और आपूर्ति भी बेहतर होगी। रामनगर से मोहन आईएमपीसीएल फैक्ट्री तक 28 किलोमीटर दूरी तक बंक केबल डाली जा रही है। इस दौरान कई विद्युत पोल भी लगेंगे और कई पोल बदले भी जाएंगे। अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की ने बताया कि रामनगर से आईएमपीसीएल मोहन तक एक और नई लाइन डाली जा रही है। जिसमें बंक तार बिछाने का कार्य चल रहा है। बताया कि बंक तार बिछने, पोल व सामग्री लगने के बाद रामनगर से मोहन फीडर को दो भागों में बांट दिया जाएगा। एक नया फीडर स्थापित किया जाएगा। बंक केबल के बहुत फायदे होते हैं। हवाओं से विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होती है।

## सार-संक्षेप



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### बिड़ला विद्या मंदिर में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल :** बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल में अखिल भारतीय आईपीएससी ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिष्ठित स्कूलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। मुख्य अतिथि बिड़ला विद्या मंदिर के सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नर सूरज अग्रवाल ने कहा कि ताइक्वांडो न केवल एक खेल है, बल्कि यह अनुशासन और आत्म-संयम भी सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल, एमिरेल हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, राजकुमार कॉलेज राजकोट, असम वैली स्कूल असम, संस्कार वैली स्कूल भोपाल, पेस्टल वीड स्कूल देहरादून आदि देश के प्रतिष्ठित स्कूल प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करेगी, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरित करेगी। इस दौरान विद्यालय के वित्त प्रबंधक संजय गुप्ता, राकेश मुलासी, पृथ्वीराज सिंह किरोला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गडिया आदि मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मी से अभद्रता करने पर मुकदमा दर्ज

**रामनगर :** चोरपानी में ड्यूटी दे रहे पुलिस जवान के साथ अभद्रता एवं मोबाइल फोन छीन कर फेंकने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आईआरबी बैलपड़ाव में तैनात पुलिस जवान कमल सिंह और वीरेंद्र फर्त्याल की डयूटी चोरपानी के पास लगाई गई थी। पुलिस को जवान कमल सिंह ने दी तहरीर में बताया कि 22 जून को कुछ युवक चोरपानी के पास ही आपस में लड़ रहे थे। वह जवानों के तैनाती स्थल पर आ गए। दोनों ने आरोपियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी गाली-गलौच करने लगे। उधर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, तीन घायल

**कालाढूंगी :** सोमवार देर शाम हल्द्वानी से रामनगर जा रही कार कमोला के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पंहुची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। पंकज रावत निवासी देवीपुरा रामनगर ने बताया कि नैनीताल से अपने परिवार के साथ घर लौट रहे थे। नयागांव कमोला के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में पंकज रावत, पुत्र अप्रुलित रावत, पत्नी संगीता व सास देवेंद्री देवी घायल हो गई। घायलों को पुलिस ने 108 सेवा से सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

# गंदगी फैलाने पर औद्योगिक संस्थान का हुआ चालान

संवाददाता, भीमताल



निरीक्षण करते नगर पालिका के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीमताल में गंदगी फैलाने पर नगर पालिका ने औद्योगिक संस्थान पर पांच हजार रुपये का चालान किया है। वहीं, संस्थान के प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गलत व्यवहार करने पर रोष व्याप्त है।

वार्ड छह के सभासद बंटी आर्या के अनुसार, उन्हें स्थानीय लोगों ने नाली में गंदगी फैलने की जानकारी दी थी। वे अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोप है कि संस्थान के प्रबंधन ने उनके साथ ठीक से बर्ताव नहीं किया गया। सूचना पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उदय वीर सिंह भी मौके पर पहुंच गए और संस्थान पर पांच हजार की चालानी कार्यवाही की।

इस दौरान उमेश पाठक व प्रमोद कुमार मौजूद रहे। वहीं, गोरखपुर वार्ड में मुख्य भीमताल भवाली मोटर मार्ग पर सीवर लाइन चोक होने से गंदगी सड़क पर बह रही है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी ने विभागीय अधिकारियों से सीवर व्यवस्था को ठीक कराने की मांग की है।

> डीजे फूड प्रोसेसिंग वार्ड नंबर 8 में फैक्ट्री व सीवर की गंदगी नालियों में बह रही थी। नालियों के रास्ते गंदगी सीधे भीमताल झील में समा रही है। पांच हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। – **उदयवीर सिंह**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका

## टैक्सी में बैठाई आठ सवारियां, सीज

**नैनीताल:** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में अल्टो टैक्सी चालक को आठ सवारियां बैठाना भारी पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ़ कार्रवाई करते हुए टैक्सी को सीज करने की कार्रवाई की है। सोमवार देर शाम भवाली मस्जिद तिराहे पर पुलिस को अल्टो टैक्सी कार में ज्यादा सवारियां बैठी नजर आई। रोकने पर वाहन चालक ने वाहन को भगा दिया।

एसओ रमेश बोरा ने चीता कांस्टेबल अमित गहलोत के साथ टैक्सी कार का पीछा किया। जिसको नैनीताल में रोक लिया। जब एसओ ने टेक्सी से सवारियां उतारी तो वह हैरान रह गए। इस टैक्सी में चालक ने आठ सवारियां बैठाई गई थीं। जिस पर पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया। उधर, इस संबंध में एसओ रमेश बोरा ने बताया कि हल्द्वानी निवासी नदीम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया है।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने पुलिस ने बिंदुखत्ता क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा कर शातिर चोर को लाखों रुपए के सोने के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया है। शातिर पूर्व में भी अवैध शस्त्र एवं चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने बताया कि बीती 24 फरवरी को बसंती देवी निवासी तिवारी नगर बिंदुखत्ता व 29 अप्रैल को हीरा सिंह शाही निवासी तिवारी नगर बिंदुखत्ता क्षेत्र से अलग-अलग चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। दोनों घटनाओं में कोतवाली लालकुआं में अभियोग दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह को सौंपी गई थी। टीम ने 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। पुलिस ने आरोपी बादल गौसाई पुत्र स्व. पप्पू गौसाई निवासी तिवारी कालोनी, लालकुआं को शमशान घाट के पास मेन हाईवे से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर दोनों मुकदमों से संबंधित चोरी का माल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने इंजेक्शन के नशे का आदी होना स्वीकारते हुए नशे की पूर्ति के लिए ही चोरी करना स्वीकार किया। वह पूर्व में भी चोरी और शस्त्र अधिनियम के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी से बसंती देवी की यहां हुई चोरी के मामले में 2 पीली धातु के मंगलसूत्र, 1 पीली धातु का मांग टीका बरामद किया। दूसरी चोरी के मामले में 1 पीली धातु की नथ और 1 जोड़ी पीली धातु के झुमके बरामद किए हैं।

### ढिकाला जोन में बाघिन ने किया बंदर का शिकार

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला पर्यटन जोन से एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। यह वीडियो ढिकाला जोन के बंद होने से ठीक पहले यानी 12 जून का बताया जा रहा है। इसमें एक बाघिन को बंदर का शिकार करते हुए देखा जा सकता है। यह दृश्य स्थानीय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने अपने कैमरे में कैद किया है। बता दें कि यह पूरी घटना ढिकाला के सांभर रोड की है। जहां एक बंदर जमीन पर बैठकर लगातार अलार्म कॉल कर रहा था। तभी झाड़ियों में छिपी एक बाघिन ने अचानक हमला कर दिया और देखते ही देखते बंदर को अपने मुंह में दबोच लिया। बाघिन शिकार को लेकर जंगल की ओर ले गई। दीप रजवार बताते हैं कि आमतौर पर बंदर या लंगूर का शिकार गुलदार यानी तेंदुआ करता है, क्योंकि वह फुर्तीला होता है और पेड़ों पर चढ़ने में माहिर होता है, लेकिन यह पहली बार नहीं है जब बाघ ने ऐसा शिकार किया हो।



बंदर को मुंह में दबोचकर ले जाती बाघिन। (फोटो दीप रजवार)

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर :** एक किशोरी के साथ युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीते दिनों उसकी नाबालिग पुत्री के साथ मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी रउफ नाम के एक युवक ने दुष्कर्म किया। वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि आरोपी मंगलवार को घर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### पर्यटक से मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**नैनीताल :** मॉलरोड में हुई मारपीट के दौरान युवकों के नुकीली चीज से वार करने पर पर्यटक घायल हो गया। जिसका बीडी पांडे अस्पताल में उपचार किया गया। वहीं, पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार देर रात्रि अपर मॉलरोड में टहल रहे अज्ञात की ओर से लोअर मॉलरोड में टहल रहे युवकों को गाली दी गई। इससे लोअर मालरोड पर टहल रहे युवक तुरंत अपर मॉलरोड में आ गए। उन्होंने यूपी के पर्यटक कौशलेंद्र श्रीवास्तव पर गाली देने का आरोप लगाया। उसने मना किया तो युवकों ने पर्यटक के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पर्यटक के कुछ आगे चल रहे उसके दोस्तों ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो युवकों ने कौशलेंद्र के गले में किसी नुकीली चीज से वार कर दिया। मारपीट करने वाले युवक भाग गए। वहां से गुजर रहे असद ने घायल अवस्था में पड़े पर्यटक को उनके दोस्तों की मदद से बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया गया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि यूपी निवासी कौशलेंद्र की शिकायत पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। फुटेज के आधार पर मारपीट करने वाले मल्लीताल निवासी सौरभ, सूरज कुमार व दिनेश आर्य को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एसटीपी परिसर में लगेंगे तीन सीसीटीवी कैमरे

**रामनगर :** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राज्य में संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की निगरानी एवं कार्यात्मक दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सात एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के मकसद से स्थलीय निरीक्षण किया गया। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से रोहित जयाड़ा मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन विशेषज्ञ नोडल अधिकारी, उत्तराखंड पेयजल निगम से कनिष्ठ अभियंता शुभ पांडेय व चयनित कार्यदायी एजेंसी परफेक्ट टेली सिस्टम्स के प्रतिनिधियों की संयुक्त मौजूदगी में कार्य पूरा किया गया। बता दें कि परियोजना के अंतर्गत एसटीपी परिसर में तीन कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिनमें इनलेट व आउटलेट बिंदुओं पर दो स्थायी कैमरे व एरेशन टैंक एवं अन्य प्रमुख इकाइयों की निगरानी के लिए एक पोल-माउंटेड घूमने वाला कैमरा शामिल हैं।



रामनगर में एसटीपी प्लांट का निरीक्षण करते अधिकारी।

### एनपीएस के भुगतान की मांग पर गरजे कर्मचारी

**नैनीताल :** एनपीएस का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने पालिका कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2020 से पूर्व की एनपीएस राशि अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक मल्लीताल शाखा में जमा की गई थी, जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने ईओ रोहिताश शर्मा को ज्ञापन देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो कर्मचारी लेखा अनुभाग के समीप अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस दौरान अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, सचिव सोनू सहदेव, विक्की सिलेलान व रमेश आदि शामिल थे।

### चीता कांस्टेबल ने बचाई पर्यटक के बच्चे की जान

**नैनीताल :** नैनीताल घूमने आए पर्यटक का बच्चा बीमार पड़ गया। पर्यटक बच्चे को अस्पताल नहीं पहुंचा सके, तो चीता कांस्टेबल ने बाइक पर बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने पर बच्चे की जान बच गई। सोमवार की शाम को दिल्ली के पर्यटक कनहैय्या लाल रस्तोगी कैंची से घूमकर तल्लीताल होटल में ठहर थे। इस दौरान उनके दो वर्ष के बच्चे की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। जब पर्यटक अपने वाहन में बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए निकले तो वह जाम में फंस गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने अपनी बाइक पर पर्यटक व बच्चे को अस्पताल पहुंचाया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

### पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

**रामनगर :** कालाढूंगी थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। ग्राम नलनी, कोतवाली मल्लीताल नैनीताल निवासी टीकम सिंह अधिकारी पुत्र खीम सिंह ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व उनकी बहन भावना नागरकोटी का विवाह ग्राम कप्तानगंज, कोटाबाग तहसील कालाढूंगी निवासी संतोष सिंह पुत्र राम सिंह से हुआ था। 13 जून को संतोष ने उनकी मौसी पुष्पा जलाल को बताया कि भावना की तबीयत खराब है। वह हल्द्वानी में डॉ. सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में भर्ती है। सूचना मिलने पर वह हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उनकी बहन ने आईसीयू में दम तोड़ दिया। परिजनों के द्वारा हत्या का आरोप लगाए जाने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा दिया। आरोप है कि 15 जून को कालाढूंगी पुलिस को तहरीर दिए जाने के बाद अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

# कांग्रेस ने सौंपी विस प्रभारी की जिम्मेदारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- पंचायत चुनाव: विधायक सुमित को लोहाघाट की जिम्मेदारी मिली

**अमृत विचार:** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने पंचायत चुनावों के मद्देनजर वरिष्ठ नेताओं को विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

इनमें लोहाघाट सुमित हृदयेश, भीमताल राजेन्द्र बिष्ट, नैनीताल पुष्कर नयाल, हल्द्वानी अल्का पाल, कालाढूंगी मयंक भट्ट, रामनगर इंदु मान, लालकुआं नारायण सिंह बिष्ट, चम्पावत आदेश सिंह चौहान, जसपुर जितेन्द्र सरस्वती, काशीपुर गुरजीत सिंह गित्ते, बाजपुर प्रेमानन्द महाजन, गदरपुर नीरज तिवाड़ी, रुद्रपुर वरुण कपूर, किच्छा सौरभ चिलाना, सितारगंज संदीप सहगल, नानकमत्ता मीना शर्मा, खटीमा हरीश धामी, धारचूला महेश डसीला, डीडीहाट मनोज ओझा, पिथौरागढ़ हरीश पनेरू, गंगोलीहाट प्रदीप सिंह पाल, कपकोट सुनील भंडारी, बागेश्वर खजान चन्द्र, द्वाराहाट कैलाश पंत, सल्ट महेश आर्य, रानीखेत बसंत कुमार, सोमेश्वर प्रशान्त भैंसोड़ा, अल्मोड़ा खुशहाल सिंह अधिकारी, जागेश्वर हेमेश खर्कवाल को प्रभारी बनाया गया है।



डॉ. कापड़ी को सम्मानित करते प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे। ● अमृत विचार

### योग में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. कापड़ी सम्मानित

**रामनगर :** निरंतर एक माह से चलाए जा रहे नि:शुल्क योग सत्र में अहम योगदान देने के लिए डॉ. मुरलीधर कापड़ी को महाविद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने दिया। महाविद्यालय के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग के योग प्रशिक्षक डॉक्टर कापड़ी की ओर से रामनगर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों व देश के अलग-अलग राज्य में भी नि:शुल्क योग शिविरों का आयोजन कर सैकड़ो लोगों को योगाभ्यास कराया। डॉ. कापड़ी ने बताया कि योग शिक्षा के माध्यम स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज व समृद्ध राष्ट्र की कल्पना को साकार करने के लिए इस मुहिम को निरंतर तीन वर्षों से महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एम सी पांडे की ओर से बढ़ावा दिया जा रहा है।

# खराब मौसम के चलते अलर्ट पर रहेंगे अफसर

संवाददाता, हल्द्वानी

- एडीएम ने आमजन से सतर्क रहने की अपील
- दो दिनों तक नैनीताल जनपद में भारी बारिश होने का अनुमान

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले में दो दिनों तक भारी बारिश होने का अनुमान है। एडीएम विवेक राय ने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। साथ उन्होंने आमजन से भी सतर्क रहने की अपील की है।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि नैनीताल जिले में बुधवार और गुरुवार को भारी बारिश हो सकती है। साथ ही 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। बारिश के दौरान पहाड़ के मोटर मार्गों पर मलबा आने का भय है। नदी, नालों और गधेरों में अचानक जलस्तर बढ़ सकता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग के सभी कर्मचारी जेसीबी के साथ अलर्ट रहेंगे।

सभी कर्मचारी अपने मोबाइल को ऑन रखेंगे। साथ ही जिला मुख्यालय के संपर्क में रहेंगे। किसी भी तरही सूचना तुरंत ही देंगे।

### योजना में अनियमितता का आरोप लगाया

**भीमताल :** देवनगर-पलड़ा (धारी) के ग्रामीणों ने ग्राम सभा में जल संस्थान की ओर से जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पेयजल योजना में भ्रष्टाचार व अनियमितता का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी धारी को ज्ञापन भी दिया। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा के नेतृत्व में देवनगर-पलड़ा (धारी) के ग्रामीण धारी तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया कि जल जीवन मिशन की योजना पूरी तरह से खत्म ही कर दी गई है। पाइप हवा में लहरा रहें हैं। इसमें कई अनियमिताएं हैं। लघु सिंचाई से बनाया गया छोटा डैम बनने के एक माह के अंदर ही टूट गया है। इससे ग्रामीणों की फसलें बर्बाद हो गई है। ज्ञापन देने वालों में मोहन चंद्र पंत, अजय कुमार, नरेश अघरिया, पूरन मिश्रा आदि शामिल थे।

### गौरव जोशी बने परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक



**नैनीताल :** क्षेत्र के गौरव जोशी का चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक पद पर हुआ है। गौरव मूल रूप से उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद स्थित अर्चाली गांव के निवासी हैं। उन्होंने यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयासों से हासिल की है। गौरव ने भूविज्ञान विषय में स्नातकोत्तर शिक्षा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से पूरी की है। इससे पहले वे अखिल भारतीय स्तर की गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 14 स्थान प्राप्त कर चुके हैं। गौरव के पिता चंद्र मोहन जोशी सिविल कोर्ट में अधिवक्ता हैं और माता लीला जोशी गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई इंडियन नेवल आर्मामेंट सर्विसेज में कार्यरत है। गौरव ने बताया कि उनके भाई का इस सफलता में विशेष योगदान रहा है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे नैनीताल व कुमाऊं क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है।

# हॉकी के फाइनल में पहुंचे हरिद्वार व पिथौरागढ़

## तीन दिवसीय अंडर-17 बालक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

- प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने किया प्रतिभाग
- पिथौरागढ़ और हल्द्वानी के बीच हुआ बेहद कड़ा मुकाबला

संवाददाता, हल्द्वानी



मिनी स्टेडियम में राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला खेल कार्यालय की ओर से मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-17 बालक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खेल निदेशालय के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही विभिन्न जिलों की टीमें अपने कौशल और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। मंगलवार सुबह 8 बजे से हुए पहले मैच में हरिद्वार की टीम ने नैनीताल पर दबदबा बनाते हुए 6–1 से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मैच में पिथौरागढ़ और हल्द्वानी के बीच बेहद कड़ा मुकाबला हुआ।

निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मुकाबला पेनल्टी स्टोक में गया। यहां पिथौरागढ़ ने 5–4 से जीत दर्ज की, हालांकि हल्द्वानी की टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया और दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। शाम को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में पहला मैच हरिद्वार और टनकपुर के बीच खेला गया, जिसमें हरिद्वार ने 4–2से जीत हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल में पिथौरागढ़ ने कोटद्वार को 5–1 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टूर्नामेंट में सुनील कुमार, निलेश गुप्ता, गोविंद लटवाल, महेश्वर नेगी, रुपिन और मोहित उपस्थित रहे, जिन्होंने निष्पक्ष और सटीक निर्णयों से मैच संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### हरिद्वार और पिथौरागढ़ के बीच फाइनल आज

मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय अंडर–17 बालक राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज बुधवार, 25 जून को सुबह 10 :30 बजे खेला जाएगा। फाइनल में हरिद्वार और पिथौरागढ़ की टीमें आमने–सामने होंगी। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया है। हरिद्वार ने टनकपुर को 4–2 से जबकि पिथौरागढ़ ने कोटद्वार को 5–1 से पराजित किया था। आयोजकों के अनुसार फाइनल मुकाबले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दर्शकों और खिलाड़ियों में फाइनल को लेकर खासा उत्साह है।

### निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हल्द्वानी :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार शाम 4 बजे मिनी स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में ओपन बालक–बालिका निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हल्द्वानी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 57 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने ओलंपिक के इतिहास, उद्देश्यों, आदर्शों और खेलों के माध्यम से सामाजिक एकता और विकास पर अपने विचारों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बाल प्रतिभाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, ओलंपिक मूल्यों जैसे उत्कृष्टता, मैत्री और सम्मान को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम में विनय जोशी, त्रिलोक जीना, शुभांगिनी शाह, विनय अंकुश रौतेला, किरण आदि उपस्थित रहे।

### भूमियाधार के समीप फिर लगी अवैध दुकानें

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल भवाली मार्ग में भूमियाधार के समीप फिर एक बार 15 से ज्यादा अवैध दुकानें लग चुकी हैं। बीते दिनों ही प्रशासन ने दुकानों को ध्वस्त किया था, लेकिन दोबारा दुकानें लगने से यातायात बाधित होने लगा है। नैनीताल भवाली रोड में भूमियाधार के समीप सड़क किनारे कई अवैध दुकानें लगाई जा रही हैं। लोगों की शिकायत व कैंची मेले के दौरान सुगम यातायात बनाने के लिए प्रशासन की टीम ने अवैध दुकानों को ध्वस्त कर हटा दिया था, लेकिन फिर से सड़क के किनारे दुकानें लग चुकी हैं। वीकेंड पर यहां यातायात प्रभावित हो रहा है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया सड़क किनारे लगी अवैध दुकानों को जल्द हटाया जाएगा।

### विवाद में पति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**रामनगर :** पति–पत्नी में विवाद के बाद पति ने आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने पति चिकित्सालय में भर्ती कराया। मोहल्ला बंबाघेर क्षेत्र में पति–पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गुस्साए पति राजेश ने गले में रस्सी डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। आनन–फानन में परिजनों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आज से शुरू होगी कालू सिद्ध मंदिर की शिफ्टिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचार :** शहर के प्राचीनतम कालू सिद्ध मंदिर की शिफ्टिंग आज से शुरू हो जाएगी। इसकी शुरुआत प्रतिमाओं की शिफ्टिंग से होगी, फिर वृक्ष की लॉपिंग कर नए मंदिर परिसर में रोपा जाएगा।

जिला प्रशासन मंगल पड़ाव से काठगोदाम तक सड़क चौड़ीकरण कर रहा है। इसमें सड़क से दोनों ओर 12-12 मीटर तक चौड़ीकरण होना है। मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सरकारी व निजी भवनों को ध्वस्तीकरण जारी है। इसी क्रम में प्राचीन कालू सिद्ध मंदिर भी चौड़ीकरण की जद में आ रहा है। इसको देखते हुए प्रशासन ने मंदिर प्रबंधन से वार्ता के बाद मंदिर के पीछे ही नया मंदिर बना दिया है। इसमें विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी हिस्सा लिया था। इसके बाद अब सड़क चौड़ीकरण का काम फिर से शुरू होने जा रहा है। इधर, मंदिर प्रबंधन ने बुधवार से मंदिर की शिफ्टिंग शुरू करने जा रहा है। सर्वप्रथम प्रतिमाओं को गुलाबघाटी स्थित व अन्य मंदिरों में भेजा जाएगा। इसके बाद धूनी व अन्य को नए मंदिर भवन में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं, नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने मंगलवार को तकनीकी टीम के साथ मंदिर का निरीक्षण किया और पीपल के पेड़ को रिलोकेट करने को लेकर रणनीति बनाई। पेड़ को पुराने स्थान से जिस स्थान पर रिलोकेट किया जाएगा उसका भी स्थान चिह्नित किया गया। इसके बाद उन्होंने नए भवन के कुछ काम भी करवाए।

कालू सिद्ध मंदिर शिफ्टिंग के बाद सड़क चौड़ीकरण में तेजी आएगी क्योंकि मंगल पड़ाव से रोडवेज तक लगभग सभी ने दुकानों को पीछे शिफ्ट कर लिया है। सिर्फ मंदिर ही शेष था।

# उप राष्ट्रपति का आज आगमन रूट डायवर्जन प्लान हुआ जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहुंच रहे हैं नैनीताल भ्रमण पर
- वीवीआइपी रूट में भारी वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद




**अमृत विचारः** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जिले के तीन दिवसीय भ्रमण पर आ रहे हैं। वह बुधवार को यहां पहुंचेंगे और शुक्रवार को वापस जाएंगे। नैनीताल जिला पुलिस ने उनके भ्रमण को देखते हुए यातायात प्लान बनाया है।

पुलिस के अनुसार 25 जून को सुबह छह बजे से पूर्वाह्न में 1 बजे तक और 27 जून को सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक वीवीआइपी रूट में सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। शहर हल्द्वानी-काठगोदाम से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन इस अवधि में हल्द्वानी से वाया कालाढूंगी, रामनगर होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। वीवीआईपी रूट तिकोनिया चौराहा हल्द्वानी से नंबर-1 बैंड ज्योलीकोट तक जीरो जोन रहेगा। उप राष्ट्रपति के हल्द्वानी से नैनीताल प्रस्थान के समय नैनीताल बैंक तिराहा से अल्मोड़ा अर्बन बैंक की ओर, नगर निगम कट से अटल मार्ग की ओर, नंबर-1 बैंड ज्योलीकोट से रूसी बैंड-2, रूसी बैंड-1 से मंगोली, कालाढूंगी की ओर और नैनीताल से वाया भवाली, भीमताल मार्ग पर यातायात को डायवर्ट किया जाएगा।

रोडवेज, केमू स्टेशन हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाली बसें व टैक्सी वाहनों को उप राष्ट्रपति के प्रस्थान से 20 मिनट पूर्व रोडवेज, केमू स्टेशन व टैक्सी स्टैंड पर ही रोक दिया जाएगा। पनचक्की तिराहा से काठगोदाम की ओर जाने वाले वाहनों को पनचक्की तिराहा पर रोका जाएगा। गौलापार से काठगोदाम की ओर जाने वाले वाहनों को महाकाली जनरल स्टोर तिराहा गौलापार पर रोका जाएगा अथवा गौलापुल की ओर भेजा जाएगा। भीमताल से हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त वाहनों को सलड़ी चौकी, चंदा देवी, अमृतपुर गेट के पास रोका जाएगा। फ्लीट प्रस्थान करने पर भवाली से मस्जिद तिराहा होते हुए हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त वाहनों को नंबर 1 बैंड ज्योलीकोट से न्यूनतम 2 किलोमीटर पीछे भवाली की ओर रोका जाएगा।

# गौजाजाली में हुई चोरी पुलिस के लिए बनी पहेली

संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी के गौजाजाली बिचली इलाके में हुई चोरी के बाद बिलखती महिला।



घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार



सड़क पर ले जाई गई अलमारी।

**अमृत विचारः** मंडी चौकी पुलिस क्षेत्र के गौजाजाली बिचली इलाके में वन विकास निगम के सेवानिवृत्त कर्मी ने घर में चोरी होने की बात कही है। उनके मुताबिक सोमवार रात अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए। शिकायतकर्ता के अनुसार चोरों ने परिवार वालों को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया और घर खंगाल दिया। यही नहीं चोर एक अलमारी को उठाकर घर के बाहर भी ले गए। चोरों ने आठ सोने की अंगूठी और 50 हजार की नगदी चोरी की है।

गौजाजाली बिचली गली नंबर पांच निवासी धन प्रकाश अग्रवाल अपने परिवार के साथ चार सालों से रहते हैं। वह वन विकास निगम में लौगिंग सहायक के पद पर काम करते थे। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। उनका बेटा-बहू मुख्य गेट से लगे कमरे में सो रहे थे। उनका भतीजा नैतिक व उनकी पत्नी कुसुम अंदर के कमरे में थे। उनका कहना है कि भतीजा नैतिक रात को करीब 12.30 बजे उठकर टॉयलेट गया था। उस समय तक घर में सब सही था लेकिन उनकी बहू रात को करीब दो बजे उठी तो देखा कि घर में कई जगह सामान इधर-उधर पड़ा हुआ है। साथ ही कहा कि मुख्य गेट खुला हुआ था। बहू ने पूरे परिवार को जगाया तो देखा कि घर में चोरी हुई है। घर में बने मंदिर में रखी एक अलमारी बाहर गली में पड़ी है और वह तोड़कर खोली गई है। साथ ही अंदर वाले कमरे में बनी अलमारी के दरवाजे भी खुले हैं। धन प्रकाश ने बताया कि चोर उनके घर से आठ सोने की अंगूठी और अलमारी में रखे करीब 50 हजार रुपये की नगदी भी ले गए। सुबह उन्होंने घटना की जानकारी मंडी चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर मामले की जांच की है। धन प्रकाश का यह भी कहना है कि उनके पड़ोसी के घर सीसीटीवी लगे हैं। उसमें तीन लोग देखे गए हैं। एक उनके घर की पीछे के तरफ भागा और दो रोड से होकर भागे।

### पुलिस के सामने खड़े हुए सवाल

**हल्द्वानी :** मामले में पुलिस के सामने कुछ सवाल खड़े हो रहे हैं। जैसे की परिवार के लोगों का कहना है कि चोरों ने उन्हें कुछ सूंघा दिया जिस से घटना के वक्त वह बेहोश हो गए और कुछ पता नहीं चला। तब सवाल यह उठ रहा है कि घटना के तुरंत बाद परिवार वाले कैसे जाग गए। चौकी इंचार्ज प्रेम विश्वकर्मा ने यह भी कहा कि चोरी के मामलों में चोर अलमारी जैसी चीजों को लेकर घर के बाहर नहीं आते हैं और यदि बाहर ले आए तो यूं सड़क पर छोड़कर नहीं जाते। उनका कहना है कि इस मामले में किसी साजिश की आशंका भी हो सकती है। इसलिए पुलिस मामले की हर तरह से जांच कर रही है।

# 'मैं अधिकारी होता तो कार्रवाई पर दे देता इस्तीफा'

संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप में अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विधायक सुमित हृदयेश ने मंगलवार को सुभाष नगर स्थित प्राइमरी स्कूल में प्रशासन के आपत्ति कैंप का दौरा किया। उन्होंने अतिक्रमण को लेकर लोगों को मिल रहे नोटिसों पर आपत्ति दर्ज की।

विधायक सुमित ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जिन परिवारों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया जा रहा है, वे पिछले 50 से 60 वर्षों से यहां रह रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इतने वर्षों बाद अचानक इन लोगों को उजाड़ने का निर्णय किस आधार पर लिया गया है। कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई से आमजन की रातों की नींद हराम हो चुकी है भय का माहौल है। काठगोदाम क्षेत्र का उदाहरण देते हुए विधायक ने कहा कि वहां मलिन बस्ती श्रेणी ए में रहने वालों को प्रशासन ने डराकर मकान तुड़वाए, लेकिन अब ऐसी एकपक्षीय कार्रवाई को हल्द्वानी में नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। विधायक सुमित ने अधिकारियों से कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और यदि वे खुद प्रशासनिक पद पर होते तो ऐसी अमानवीय कार्रवाई के विरोध में इस्तीफा दे चुके होते।

### भगवानपुर में फौजियों के घर लगाए लाल निशान

**हल्द्वानी :** भगवानपुर क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां कई फौजी परिवारों के मकानों पर लाल निशान लगाए गए हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि एक ओर जो सैनिक देश की सेवा करता है, उसे सम्मान देने के बजाय उसके घर को तोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसके पश्चात विधायक सुमित हृदयेश कुसुमखेड़ा क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने नाले के नाम पर प्रभावित हो रहे परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस अन्याय के खिलाफ पूरी मजबूती से उनके साथ खड़े हैं।

## सुरक्षा में पांच कंपनी पीएसी रहेगी तैनात

**हल्द्वानी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नैनीताल दौरे को लेकर पुलिस ने जवानों की ब्रीफिंग की। पुलिस के अनुसार पांच कंपनी पीएसी समेत कुल 1094 अफसर और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आईजी अपराध व कानून व्यवस्था निलेश आनंद भरणे ने राजपत्रित अधिकारियों, अन्य पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल की ब्रीफिंग की। आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल और आईजी सुरक्षा अभिसूचना करन सिंह नगन्याल ने वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटी के सभी मापदंडों के अनुसार कार्यवाही करने के लिए कहा। सख्त निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल में किसी का भी अनाधिकृत प्रवेश न हो। इस दौरान एसएसपी पीएन मीणा, कमांडेंट 46-पीएसी पंकज भट्ट, एसएसपी देवेंद्र पींचा आदि अधिकारी रहे।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए दायित्व

संवाददाता नैनीताल



अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रवास में पर्यटन नगरी नैनीताल पहुंच रहे हैं। उप राष्ट्रपति के सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नैनीताल कार्यालय सभागार में विभागीय अधिकारियों की ब्रीफिंग कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उप राष्ट्रपति 25 से 27 जून तक नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय एवं शेरवुड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में प्रोटोकॉल अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं संपादित कराए जाने के लिए जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेट और अधिकारियों को दायित्व दिए हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारीयों को निर्देश दिए कि इस दौरान उन्हें जो भी दायित्व सौंपे गए हैं, उनका यथासमय पालन सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी विवेक राय को उपराष्ट्रपति के भ्रमण के दौरान दोनों स्थलों में आयोजित कार्यक्रम स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रभारी नियुक्त किया।

अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तु को हल्द्वानी से ज्योलिकोट, नैनीताल तक के आंतरिक और बाहरी सड़क मार्गों का प्रबंधन व उन्हें गड्ढामुक्त व दुरुस्त कराने के साथ ही सड़क मार्ग से मलबा हटाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिला अधिकारी विवेक राय, शैलेंद्र सिंह नेगी, जीएम केएमवीएन विजय नाथ शुक्ल, अधीक्षण अभियंता मनोहर सिंह धर्मशक्तु, उप जिलाधिकारी नवाजिस खलीक, बीसी पंत, परितोष वर्मा, डिप्टी कलेक्टर गोपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।




शिविर में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

### बिलिंग में आ रही शिकायतों का किया समाधान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड (ग्रामीण) ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मंगलवार को छड़ायल में जन मिलन शिविर लगाया। शिविर में बिलिंग में आ रही समस्याओं को दूर किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया। इस शिविर में स्मार्ट मीटरों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। ईई बेगराज सिंह ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग सुविधा, वास्तविक समय की खपत की जानकारी और उपभोक्ताओं की ओर से पूछे गए सवालों का अधिकारियों ने सहजता से समाधान किया और उन्हें स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मोबाइल ऐप से जुड़ाव और रिचार्ज की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। इधर तल्ली हल्द्वानी की एसडीओ शुभा जोशी ने बताया कि विभाग की ओर जागरुकता शिविर अन्य स्थानों में भी लगाया जाएगा, ताकि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की सुविधाओं का बेहतर तरीके से लाभ उठा सकें। इस शिविर के आयोजन के विभागीय अधिकारियों में ईई बेगराज सिंह, एसडीओ शुभा जोशी और यूपीसीएल के कर्मचारी मौजूद रहे।

निरीक्षण — मंत्री डॉ . धन सिंह रावत ने अधिकारियों को भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र में हो रहे ट्रीटमेंट कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए

# कैबिनेट मंत्री ने बलियानाला में सुरक्षा कार्यों का लिया जायजा

संवाददाता, नैनीताल



भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान निर्देश देते मंत्री रावत।



गिरिजा मंदिर में कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत को स्मृति चिह्न देते मंदिर के पुजारी।

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र में चल रहे ट्रीटमेंट का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रीटमेंट समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक संवेदनशील स्थलों पर बारिश में सुरक्षा व एहतियात के साथ काम करने के निर्देश दिए।

डॉ. रावत ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से परियोजना के तहत सभी काम सुरक्षात्मक ढंग से करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के एई सुमित कुमार ने बताया कि बलियानाला में सिचांई विभाग की ओर से सुरक्षात्मक काम किया जा रहा है, जो तीन साल में पूरा होना है। कुछ कामों की वजह से डीपीआर संशोधित की गई है। योजना की लागत पूर्व में 177.91 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 298.93 करोड़ हो गई। डॉ. रावत ने प्रभावितों को विस्थापन के लिए जल्द भूमि चयन के निर्देश देते हुए कहा कि ट्रीटमेंट के दौरान आबादी वाले इलाके प्रभावित नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए संबंधित विभाग तकनीकी एजेंसी के सुझाव के अनुरूप काम करें । इस दौरान एसडीएम नवाजिश खलीक, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की मौजूद रहे।

### मंत्री धन सिंह ने गिरिजा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रामनगर, अमृत विचार :** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ . धन सिंह रावत ने मां गिरिजा मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना कर मन्नत मांगी। इसके बाद कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। भाजपा नेता जगमोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि कैबिनेट मंत्री डा धन सिंह रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मंत्री के समक्ष रामनगर की विभिन्न समस्याओं को रखा गया है। इसके अलावा पंचायत चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चाएं की गई। डॉ . रावत ने संगठित होकर चुनाव लड़ने और भाजपा को मजबूत करने को कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। वह गिरिजा मंदिर के दर्शन करने के बाद वह नैनीताल के लिए रवाना हो गए।

# सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमले के मामले ने पकड़ा तूल

## पर्यावरण मित्रों ने पुलभट्टा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट, थाना पुलिस ने शुरू की जांच, कड़ी कार्रवाई की मांग

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में नाले की तलीझाड़ सफाई के दौरान सरकारी नल से बोतल में पानी भरने के दौरान स्थानीय निवासी दबंग युवक द्वारा पर्यावरण मित्र पर जानलेवा हमले किए जाने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। नगर पालिका के तमाम पर्यावरण मित्रों ने पुलभट्टा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आरोपी के खिलाफ जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो पर्यावरण मित्र कार्य बहिष्कार तथा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित पर्यावरण मित्र की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वर्षा मौसम के दृष्टिगत नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर स्थित सभी नहर नालों में तलीझाड़ की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। थाना पुलिस को दी शिकायत में पर्यावरण मित्रों ने कहा कि सोमवार को सिरौली कला क्षेत्र में लेफ्ट पाहा नाले की सफाई का कार्य पर्यावरण मित्रों द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम शेखूपुरा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी पर्यावरण मित्र अरुण निकट स्थित सरकारी नल पर बोतल लेकर पीने के लिए पानी भरने के लिए चला गया। आरोप है कि नल से पानी भरने का विरोध करते हुए सिरौली कला निवासी इक़बाल नाम के युवक द्वारा बेवजह विरोध कर जाति सूचक गलियां दी गईं। पर्यावरण मित्र अरुण द्वारा अभद्रता का विरोध करने पर आरोपी इकबाल ने धारदार हथियार से अरुण पर जानलेवा हमला बोल दिया और उसके पीठ एवं सीने में गहरे घाव हो गए। इसी बीच शोर होने पर सहकर्मियों द्वारा घायल अरुण को तुरंत इलाज के लिए किच्छा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अरुण को गंभीर अवस्था में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरण के नेतृत्व में तमाम पर्यावरण मित्रों ने पुलभट्टा थाने में पुलिस के सामने घटना को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पर्यावरण मित्रों ने कहा कि घटना को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है तथा आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने पर्यावरण मित्रों को आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच के उपरांत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, नितिन चरण, राकेश कुमार, श्याम बाबू, सचिन चरण, माइकल, मुकेश, धीरज, अरुण, विवेक, सूरज, ललित, वीरू, आकाश, अंकित, सौरभ, योगेश, सूरज, राजीव जॉनी मौजूद रहे।


किच्छा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते नगर पालिका के पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

### हमलावर के घर पर चलाया जाए बुलडोजर : नितिन चरण

**किच्छा :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री एवं कर्मचारी नेता नितिन चरण ने कहा कि इस प्रकार की घटना तथा पर्यावरण मित्र का उत्पीड़न एवं शोषण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन के बैनर तले दो मांगों को लेकर पर्यावरण मित्रों द्वारा कार्य बहिष्कार कर नगर पालिका स्थित राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने तथा गंभीर रूप से घायल अरुण की पत्नी को नौकरी दिए जाने की मांग की है।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी

**किच्छा :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर पालिका के तमाम पर्यावरण मित्रों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए पर्यावरण मित्र अरुण के हमलावर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पर्यावरण मित्रों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ठेके पर कार्यरत बहेड़ी निवासी सफाई कर्मी अरुण पर सोमवार को स्थानीय निवासी युवक द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया तथा मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने बमुश्किल अरुण को आरोपी के कब्जे से बचाया। उन्होंने कहा कि घटना में घायल अरुण को इलाज के लिए नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही के चलते करीब 2 घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार किया गया। जबकि घायल अरुण गंभीर अवस्था में मौके पर तड़पता रहा और 2 घंटे बाद एंबुलेंस के माध्यम से घायल को इलाज के लिए सुशीला तिवारी हल्द्वानी ले जाया गया। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने हमलावर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की। पर्यावरण मित्रों ने कहा कि अगर जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके घर पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं की गई तो पर्यावरण मित्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, कल्लू चरण, नितिन चरण, कैलाश वाल्मीकि, श्याम बाबू, माइकल, सचिन चरण, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पंत विवि के पूर्व कुलपति की मूर्ति का अनावरण


पंत विवि के पूर्व कुलपति डॉ. ध्यान पाल सिंह की मूर्ति का अनावरण करते राज्यपाल।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह अपने दो दिवसीय भ्रमण पर पंतनगर विवि पहुंचे और पूर्व कुलपति की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि पूर्व कुलपति ने हरित क्रांति लाने में अहम भूमिका निभाई थी और पंतनगर विवि ने विवि शिक्षा में ख्याति प्राप्त की।

मंगलवार को राज्यपाल गुरमीत सिंह काफिले के साथ पंतनगर विवि पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व कुलपति डॉ. ध्यान पाल सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि पंतनगर विवि परिवार ने डॉ. ध्यान सिंह की मूर्ति का अनावरण करने का मौका प्रदान किया, क्योंकि डॉ. ध्यान सिंह पद्मश्री से सम्मानित भी हुए थे और हरित क्रांति का बिगुल भी उनके द्वारा ही बजाया गया। बताया कि वह एक आईएएस थे और विवि के तीसरे कुलपति के तौर पर रहकर कई कीर्तिमान स्थापित किए। यही कारण है कि भारतीय कृषि के क्षेत्र में उनके द्वारा कई क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। इस मौके पर डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, शोध निदेशक डॉ. अजीत सिंह नयन आदि मौजूद रहे।

### सिडकुल से बाइक चोरी

**सितारगंज :** ग्राम सिसौना निवासी अनिल राणा की बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल से 27 अप्रैल 2025 को किसी कार्य से सिडकुल क्षेत्र गए थे। बाइक को थोड़ी देर के लिए रास्ते में खड़ा किया था। अनिल राणा ने बताया कि काम खत्म कर लौटने पर देखा कि बाइक मौके से गायब थी, जिसे आसपास काफी खोजने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।

# आरटीआई के तहत सूचना नहीं देने पर भड़के पूर्व विधायक ठुकराल

- पत्थरचट्टा टीडीसी मुख्यालय पर दिया धरना
- टीडीसी घोटाले को लेकर लगाई थी आरटीआई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** टीडीसी निविदा घोटाले को लेकर लगाई आरटीआई के तहत सूचना नहीं देने पर भड़के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पत्थरचट्टा स्थित टी.डी.सी मुख्यालय के कार्यालय के बाहर धरना दिया। उनका आरोप था कि आरटीआई की सूचना नहीं देना महाघोटाले की ओर इशारा कर रहा है और वह भी पूर्ण आंदोलन का मन बना चुके हैं।

मंगलवार की दोपहर तीन बजे धरना देते हुए पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के नाम पर टी.डी.सी ध्वस्तीकरण की आड़ में करोड़ों की निविदा को महज 6.49 करोड़ में नीलाम कर दिया गया और जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने रहे। जिस कारण उन्होंने 24 मई को टी.डी.सी मुख्यालय पत्थरचट्टा में आरटीआई लगाकर सूचना मांगी थी। बावजूद इसके मुख्यालय कर्मियों ने 259 पन्नों की सूचना की एवज में 628 रुपये भी प्राप्त कर लिए और सूचना भी मुहैया नहीं कराई। सूचना नहीं देना महाघोटाले की ओर इशारा कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अधिकारियों को नींद से जगाने के उद्देश्य से ही मुख्यालय पर धरना दिया। बावजूद इसके आरटीआई की सूचना नहीं दी, तो वृहद आंदोलन होगा।


टीडीसी मुख्यालय पर धरना देते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

### पति के साथ दवाई लेकर लौट रही महिला से छेड़छाड़

**बाजपुर:** पति के साथ दवाई लेकर लौट रही महिला से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर पति-पत्नी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गई। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि सोमवार की देर रात करीब आठ बजे वह अपने पति के साथ बाइक पर दवाई लेकर बाजपुर से घर लौट रही थी। आरोप है कि इसी बीच घर के पास गली में पहुंची तो वहां मौजूद युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। विरोध किया तो आरोपियों के परिजन भी पहुंच गए और इन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए पति-पत्नी पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं मारपीट के दौरान हमलावरों ने नाक की सोने की नोजपिन, सोने की कान की बाली भी छीन ली है। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। इस पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी और जमकर लाठी-डंडे चल निकले। घटना में दो लोगों के चोटें आई हैं। घायलों को बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी हरवीर ने पुलिस को बताया कि 21 जून को गांव के ही एक युवक द्वारा मोहन के साथ उसके घर के सामने गाली-गलौज की जा रही थी। इसके चलते छोटे भाई महेश ने बीच-बचाव करवा दिया। आरोपी ने महेश के साथ भी गाली-गलौज कर दी। वहां मौजूद लोगों ने बात को रफादफा कर दिया गया। आरोप है कि इसी रंजिश में आरोपी ने सोमवार की देर रात करीब 8 बजे छोटे भाई को बन्नाखेड़ा चौराहे पर अकेला पाकर घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

उसने जैसे-तैसे अपना बचाव कर ताऊ के लड़के रेंहटा निवासी राजकुमार सैनी की दुकान पर पहुंच गया। वहीं दुकान पर पहुंचे आरोपी युवक ने राजकुमार के साथ भी गाली-गलौज कर दी। इतना ही नहीं 10-15 युवकों को फोन करके बुला लिया। इन लोगों ने दुकान में घुसकर हमला कर दिया। घटना में राजेश सैनी व अजयपाल के चोटें आई हैं। पीड़ित ने हमलावरों पर दुकान से फोन, प्लास व 17 हजार रुपये निकालने का आरोप भी लगाया है।


घायल अजयपाल।


घायल राजेश सैनी।

### प्रधान पद की दावेदारी करने पर किया हमला

**काशीपुर:** ग्राम प्रधान पद पर अपनी दावेदारी करने वाले एक व्यक्ति पर पिता-पुत्रों समेत पांच लोगों ने चाकुओं से हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम किलावली निवासी अनूप सिंह ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव में एक बैठक हुई। जिसमें समाज के व्यक्तियों द्वारा ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ाने का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद उसने ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। आरोप है कि 16 जून 2025 को जब वह गुरुद्वारे में हॉल की सफाई का कार्य कर रहा था, तो वहां गांव के ही इंदर सिंह, महेंद्र सिंह व रविन्द्र सिंह, गुरमेल सिंह और हरगुन सिंह ने राजनीतिक द्वेष के चलते उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। जिसके बाद मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान रविन्द्र ने चाकू से उसकी दाईं आंख पर वार कर दिया।

अदालती सूचना ता. पेशी - 10-07-2025
सम्मन तनकीह तलब
(ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज सी० डि० शाहजहाँपुर
मूल बाद संख्या 487/2024
सौदागर सिंह बनाम नरेश चन्द्र अग्रवाल
बनाम नरेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र रोशनलाल, नि० नगर खुटार पर० खुटार तह० पुवाया जिला शाहजहाँपुर वर्तमान नि० गैस गोदाम रोड, खताड़ी, रामनगर जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड) विपक्षी
हरगाह सौदागर सिंह वादी उक्त में आपके नाम एकनालिश बावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 10-07-2025 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करे उसी रोज दस्तावेज पेश करे। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 31-05-2025 ई० में जारी किया गया।
न्यायालय के आदेशानुसार
मुन्सरिम
सिविल जज सी० डि० शाहजहाँपुर

अदालती सूचना ता. पेशी-08-07-2025
सम्मन तनकीह तलब
(ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शाहजहाँपुर
मूल वाद संख्या 1064 / 2022
गौरव सक्सेना बनाम श्रीमती रीतू जयसवाल
बनामा :- रीतू जयसवाल पुत्री शंकरलाल जयसवाल पत्नी गौरव सक्सेना, नि० गली नं०-11, मो० परवातिया, बरेली रोड, हल्द्वानी जि० नैनीताल (उत्तराखण्ड) प्रतिवादिनी
हरगाह गौरव सक्सेना वादी उक्त ने आपके नाम एकनालिश बावत विदाई के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 08-07-2025 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करें उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 31-05-2025 ई० में जारी किया गया।
न्यायालय के आदेशानुसार
मुन्सरिम/रीडर
प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय शाहजहाँपुर

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

सूचना
मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका रो० नं० 0145449, इण्टरमीडिएट की मार्कशीट जिसका रो० नं० 101671, बी०ए० प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष की मार्कशीट, एम०ए० प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की मार्कशीट जिसका इनरोलमेन्ट नं० KU11003896, आई०टी०आई० की मार्कशीट व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो हो गये हैं। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पाये हैं। किसी अन्य द्वारा इनका उपयोग अवैध होगा। - सीमा डोगरा पुत्री श्री कुंवर सिंह डोगरा, निवासी कोपा लाल सिंह, गूलरभोज, थाना गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)।

# काम की तलाश में निकले युवक का शव मिला

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** घर से मेहनत मजदूरी करने निकले युवक का शव पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में रेलवे पटरी किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने अज्ञात लोगों पर युवक की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर कर थाना पुलिस से जांच की गुहार लगाई है।

सोमवार की देर शाम पुलभट्टा थाना पुलिस को सूचना मिली कि बरेली मार्ग पर रेलवे पटरी किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पटरी किनारे शव मिलने की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और सूचना पर पहुंची थाना पुलिस की टीम ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस द्वारा काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान ग्राम दोहरा घुसरी, थाना सितारगंज निवासी 35 वर्षीय सत्यवान सिंह पुत्र अमर सिंह के रूप में हुई। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन भी किच्छा पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सत्यवान मेहनत मजदूरी करता था और रविवार को काम की तलाश में घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक उसके घर वापस ना लौटने के बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने सत्यवान की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जाहिर करते हुए थाना पुलिस से घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार अज्ञात लोगों ने सत्यवान की हत्या कर उसके शव को रेलवे पटरी किनारे फेंक दिया होगा और मौके से फरार हो गए। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा और रिपोर्ट के अनुसार ही पुलिस द्वारा आगे कार्रवाई की जाएगी।

# उपखंड अधिकारी के समक्ष रखीं समस्याएं

- लो वोल्टेज और झूलते तारों की समस्या का करें निराकरण

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी से मिलकर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के सामने आ रही समस्याओं से अवगत करते हुए उनके निराकरण की मांग की।

भाजपा जिला मंत्री भुवन जोशी और किशोर जोशी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल उप खंड अधिकारी अंबिका यादव से मिला और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्रों के कई वार्डों में लो वोल्टेज की समस्या आ रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में लो वोल्टेज के साथ ही झूलते तारों की समस्या है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण किया जाय और जरूरत वाले स्थानों पर विद्युत पोल लगाए जाएं। उन्होंने लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में कंजाबाग मंडल अध्यक्ष महेश राणा, सभासद प्रकाश शर्मा, दीपक खोलिया, चंदन जोशी, भगवान दास, किशन सिंह, दिवाकर भट्ट, मनोज रावत आदि मौजूद रहे।


खटीमा में विद्युत उपखंड अधिकारी यादव को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता।

कार्यालय नगर निगम पिथौरागढ़

पत्रांक : 510 / एन.एन./5-राजस्व अनु०/2025-26 दिनांक : 24-06-2025

अल्प कालीन पार्किंग निविदा सूचना

नगर निगम पिथौरागढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 01.07.2025 से 30.06.2026 तक) हेतु निम्न पार्किंग स्थल हेतु निविदायें दिनांक 03-07-25 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। निविदा फार्म दिनांक 02-07-2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक रुपया 1000.00 तथा 18% G.S.T. जमा करने उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा फार्म के साथ 10 प्रतिशत जमानत राशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० जो लेखाधिकारी, नगर निगम पिथौरागढ़ के नाम बन्धक हो जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम में निहित होगा। पार्किंग स्थलों का विवरण निम्नवत है।

| क्र० सं० | पार्किंग स्थल का नाम | निविदा मूल्य | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु न्यूनतम सरकारी धनराशि | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कार्यालय के समीप स्थित पार्किंग | 1000.00+ 18% G.S.T. | 2,00,000.00+ 18% G.S.T. | 20,000.00 |

कर निर्धारण अधिकारी
नगर निगम पिथौरागढ़

# वन गुज्जरों ने की वनकर्मियों से अभद्रता व मारपीट

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** किशनपुर रेंज के तूनीखाल दक्षिणी बीट के अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र में 14 जून 2025 को वन विभाग की टीम को एक बड़े अतिक्रमण के प्रयास को रोकने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रभागीय वनाधिकारी के आदेश पर बीट अधिकारी वेदप्रकाश और उनकी टीम जब सुबह लगभग 9:45 बजे कक्ष संख्या अ-8, प्लाट नंबर-05 पर पहुंचे, तो देखा कि वन गुज्जर समुदाय के कुछ लोग ट्रैक्टर से जुड़ी हैरो से वन भूमि की जुताई कर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जब वैध अनुमति पत्र दिखाने को कहा, तो किसी के पास कोई दस्तावेज नहीं थे। वनकर्मियों द्वारा जब कार्य को रोकने का प्रयास किया गया, तो आरोप है कि मोहम्मद शरीफ उर्फ शिब्बू, ताहिर अली, मोहम्मद नूर, अली जान, गुलाम रसूल उर्फ निक्का सहित 10-12 अन्य लोग वहां पहुंचे और एक राय होकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए वनकर्मियों से गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी तथा धक्का-मुक्की की। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब महिला वनकर्मी पूजा बोथ्याल ने ट्रैक्टर को रोकने के लिए उसमें बैठने का प्रयास किया, तो ट्रैक्टर चालक ने उन्हें लेकर तेज गति से वाहन भगाने की कोशिश की, जिससे उनकी जान को खतरा उत्पन्न हो गया। वन विभाग की टीम ने साहस और संयम के साथ ट्रैक्टर को रोककर स्थिति को काबू में लिया। इस मामले में बीट अधिकारी वेदप्रकाश ने थाना सितारगंज में नामजद शिकायत देते हुए आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग ने इसे सरकारी कार्य में बाधा, राजकीय संपत्ति पर अतिक्रमण और महिला कर्मी की जान को खतरे में डालने जैसा गंभीर अपराध बताया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

### बीच बचाव करना पड़ा महंगा, युवक की हालत नाजुक

**रुद्रपुर :** बाजार चौकी इलाके में एक युवक को बीच बचाव करना महंगा पड़ गया। आरोप था कि कुछ युवक एक युवक को बेरहमी से पीट रहे थे। युवक ने बीच बचाव किए जाने की कोशिश की और आवेश में आए युवकों ने उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सुभाष कॉलोनी निवासी अब्दुल हसन उर्फ बाले ने बताया कि वह पेंटिंग का काम करता है और 19 जून को जब काम कर लौट रहा था, तो रास्ते में भूत बंगला निवासी राजा अपने भांजे सरताज को बेरहमी से पीट रहा था। जब उसने बीच बचाव की कोशिश की, तो आरोपी युवक, उसके पिता व दोस्त ही हमलावर हो गए और उन्होंने गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन-फानन में उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत अभी बेहद नाजुक है, क्योंकि सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी नाक से खून बह रहा है। आरोप था कि हमलावर लगातार धमकी देकर समझौता करने का भी दबाव बना रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर

#### काम के सिलसिले में गया व्यक्ति लापता, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** एक व्यक्ति काम के सिलसिले में बाहर जाने की बात कहकर घर से निकला लेकिन एक माह बीत जाने पर भी उसकी कोई खबर नहीं होने पर उसकी पत्नी ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। दुर्गा कॉलोनी जसपुर खुर्द निवासी शिवानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति सौरभ रावत 11 मई 2025 की दोपहर घर से बिना कुछ बताए कहीं चला गया है। बताया कि 16 मई को उसने पति के मोबाइल पर फोन किया, तो उसने बताया कि वह काम के सिलसिले में बाहर आया है। लेकिन यह नहीं बताया कि वो कहां है। उसके बाद से उसके पति का फोन भी बंद आ रहा है। कहा कि उसने हरसंभव जगह तलाश कर ली है लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सौरभ रावत की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# प्रीत विहार में विजिलेंस टीम के ताबड़तोड़ छापे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** 20 जून को विद्युत विभाग और विजिलेंस की टीम ने शहर के प्रीत विहार कॉलोनी ताबड़तोड़ छापेमारी की और कई उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिया। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए विद्युत तार को सील कर दिया। पुलिस ने उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

20 जून को उपखंड अधिकारी अंशुल मदान और सहायक अभियंता सतर्कता हल्द्वानी पुनीत कुमार की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से शहर की प्रीत विहार कॉलोनी में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चला दिया। विद्युत विभाग की टीम को देखकर उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान टीम ने सुनीता देवी निवासी प्रीत विहार को 0.551 किलोवाट, दरोगा निवासी प्रीत विहार गली तीन को 0.631 किलोवाट, हरभजन सिंह को 4.368 किलोवाट, रजविंदर कौर को 2.744 किलोवाट, रंजीत कौर निवासी प्रीत विहार गली एक को 0.533 किलोवाट, सोनी निवासी प्रीत विहार गली चार को 0.247 किलोवाट, शान अहमद को 2.765 किलोवाट विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए एलटी लाइन तार को सील कर दिया। पुलिस ने अवर अभियंता उपखंड अधिकारी शुभम कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अश्लील फोटो शेयर करने की बताई कहानी, 50 लाख रुपये हड़पे, साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराया मुकदमा

# सीबीआई ऑफिसर बन रिटायर्ड अध्यापिका को ठगा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा की एक रिटायर्ड अध्यापिका से सीबीआई ऑफिसर बनकर लाखों की साइबर ठगी होने का मामला सामने आया है। बताया कि सीबीआई अधिकारी द्वारा मोबाइल से अश्लील फोटो शेयर किए जाने की जानकारी दी और फिर गिरफ्तारी का भय दिखाया था। साइबर क्राइम थाना स्टेशन ने मुकदमा दर्ज कर अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है।

जौहरी बाजार रानीखेत अल्मोड़ा निवासी रिटायर्ड अध्यापिका सिराज रहमान ने बताया कि 19 जून को वह अपनी भांजी मेहनाज के साथ घर पर थी। सुबह सवा ग्यारह बजे एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई, जिसने खुद को टेलीकॉम विभाग कर्मी बताते हुए उसके फोन से अश्लील फोटो शेयर करने की जानकारी दी। बताया कि मामला पुलिस और सीबीआई तक पहुंच चुका है और यदि कोई कॉल आती है, तो शीघ्र उठाकर मामला रफा-दफा करने की कोशिश करना। बस क्या था पहले पुलिस का अधिकारी और तीसरी कॉल सीबीआई ऑफीसर की आई जो खुद को सीबीआई उपाधीक्षक बता रहा था और वीडियो कॉल में उसने वर्दी भी पहनी हुई थी। कॉलर ने धमकाया कि यदि जल्द ही अश्लील फोटो वाली पीड़िता को मैनेज नहीं किया, तो कुछ ही घंटों में पति के साथ तुम्हारी भी गिरफ्तारी हो जाएगी। गिरफ्तारी से भयभीत रिटायर्ड अध्यापिका ने सारी जानकारी दे दी और 19 जून से 21 जून तक कई खातों से 50 लाख रुपये स्थानांतरित हुए। बावजूद इसके कॉलर डरा-धमका कर फिरौती मांगने लगे, तो पीड़िता को साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना स्टेशन ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### हर साइबर ठग निभाता है अपना किरदार



**रुद्रपुर :** रानीखेत की सेवानिवृत अध्यापिका से जिस प्रकार 50 लाख की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। उससे साफ है कि हर साइबर ठग ने अपना किरदार निभाया है। पहली कॉल टेलीकॉम कंपनी से आती है, जो कंपनी कर्मी बताकर अश्लील फोटो शेयर किए जाने की कहानी बताकर भूमिका बनाता है। दूसरी कॉल मुंबई पुलिस अधिकारी की आती है, जो पीड़िता के आधार कार्ड से एक फ्रॉड सिम जारी होने की जानकारी देकर भयभीत कर देता है और तीसरा ठग सीबीआई अफसर बनकर ठगी को अंजाम तक पहुंचाना है।

#### बिल्कुल पुलिस स्टेशन सा था स्टूडियो

**रुद्रपुर :** 50 लाख साइबर ठगी की शिकार रिटायर्ड अध्यापिका ने अपने शिकायती पत्र में भी इस बात का जिक्र किया है कि जिस वक्त सीबीआई ऑफिसर की वीडियो कॉल आई थी। तो वीडियो में पीछे कुछ वर्दीधारी पुलिसकर्मी घूम रहे थे और वर्दीधारी एक अधिकारी जल्द गिरफ्तारी का आदेश दे रहा था और कॉलर यह कहकर रहा था कि साहब प्रकरण में बेहद गंभीर हैं। वीडियो कॉल में जिस प्रकार साइबर ठगों ने दृश्य दिखाया, वह ऐसा लग रहा था कि मानो ठगों ने स्टूडियो बना रखा है।

#### फर्जी सीबीआई ने ली हर जानकारी

**रुद्रपुर :** पीड़िता का कहना था कि फर्जी सीबीआई ऑफिसर ने वार्ता के दौरान उसका नाम, पता, बैंक खातों की डिटेल, गहने, जमीन सभी जानकारी मांगी और फिर कॉल को फर्जी डीएसपी को ट्रांसफर कर दिया। साथ ही धमकाया कि यदि दो घंटे के अंदर मुंबई पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे, तो दो घंटे बाद हमारी टीम अरेस्ट कर लेगी, क्योंकि मानव तस्करी में गिरफ्तार नरेश गोयल नाम के आरोपी ने तुम्हारी संलिप्तता बताई है।

# 29.5 करोड़ की हेराफेरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### एनएचएआई-काला के ज्वाइंट खाते का था मामला, 25 हजार रुपये का था इनाम, मास्टरमाइंड है शातिर आरोपी चेयरमैन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और भूमि अधिग्रहण अधिकारी के संयुक्त खाते में हुई हेराफेरी के मुख्य आरोपी और 25 हजार के इनामी को एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी इतना शातिर था कि उसने खाताधारक अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर और चेक मुहैया कराकर फर्जीवाड़ा किया था। जिसमें कई गिरफ्तारियां भी हुई थीं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि दो सितंबर 2024 को तत्कालीन विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने मुकदमा दर्ज करते हुए बताया था कि आवास विकास स्थित इंडसइंड बैंक में काला और एनएचएआई पीडी का संयुक्त खाता है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी चेक, निकासी अनुमति पत्र लगाकर 13.51 करोड़ रुपये निकालकर सरकारी धन की हेराफेरी की गई है। तहरीर के आधार पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर तफ्तीश प्रारंभ कर दी और प्रारंभिक पड़ताल में बैंक प्रबंधक और कैशियर की गिरफ्तारी भी की, लेकिन सरकारी खजाने को खंगालने वाला मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। बावजूद इसके 10 माह बाद भी पुलिस की तफ्तीश जारी थी। तफ्तीश में घपले का मास्टरमाइंड सोनीपत हरियाणा निवासी रामकुमार उर्फ चेयरमैन का नाम सामने आया। पिछले दस माह से संयुक्त टीम 25 हजार के इनामी बदमाश रामकुमार की तलाश कर रही थी। 23 जून को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनीपत हरियाणा में दबिश देकर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि साजिशकर्ता चेयरमैन ही है और फर्जी चेक, सांठगांठ का खेल भी आरोपी ने बुना था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

**23** जून को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सोनीपत हरियाणा में दबिश देकर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया



आरोपी के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

#### इंडसइंड बैंक की तीन शाखा में हुआ था घपला

रुद्रपुर। एनएचएआई पीडी और काला के संयुक्त खाते से निकली धनराशि प्रारंभिक शिकायती पत्र में 13.51 करोड़ की थी, लेकिन जैसे ही रुद्रपुर पुलिस ने अपनी तफ्तीश शुरू की, तो पता चला कि पंजाब और हरियाणा में स्थित इंडसइंड बैंक की शाखाओं में भी एनएचएआई पी डी एवं काला के संयुक्त खाते से भी करोड़ों की रकम का घपला हुआ और घपला करने वाला कोई ओर नहीं, बल्कि गिरफ्तार रामकुमार ही है। यही कारण है कि घपला 29.50 करोड़ का निकला।

# गर्लफ्रेंड ने खोली पोल- 300 करोड़ के घपले की थी योजना

- अय्याशी करना, महंगा शौक रखता था आरोपी
- पेशेवर अपराधी से बना शातिर घपलेबाज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सरकारी खाते से करोड़ों का घपला करने वाला रामकुमार उर्फ चेयरमैन घपलेबाज बनने से पहले एक पेशेवर अपराधी था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसका खुलासा खुद ही मुख्य आरोपी राम कुमार की गर्लफ्रेंड ने किया है। तफ्तीश में यह भी पता चला है कि चेयरमैन ने 29.50 करोड़ नहीं, बल्कि 300 करोड़ का महा घपला करने की योजना बनाई थी। बस अंजाम तक पहुंचाना ही बाकी था।

एसओजी प्रभारी संजय पाठक एवं अरविंद बहुगुणा ने बताया कि दस माह की फरारी के बाद मुख्य आरोपी रामकुमार उर्फ चेयरमैन बेफ्रिक हो चुका था कि शायद पुलिस घपला प्रकरण भूल चुकी है और धरपकड़ की कार्रवाई भी सुस्त पड़ी है। यही कारण है कि वह पिछले कुछ दिनों से लगातार आरोपी अपनी गर्लफ्रेंड से बातचीत कर रहा था। उधर पुलिस ने गर्लफ्रेंड को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, तो पता चला कि आरोपी सहकारी समिति का पूर्व चेयरमैन रह चुका है और उसके खिलाफ दिल्ली एवं हरियाणा में हत्या, लूट, धोखाधड़ी सहित 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं और आरोपी एक सामान्य अपराधी नहीं, बल्कि पेशेवर आदतन अपराधी है। यह भी बताया कि चेयरमैन अय्याश, महंगे शौक रखने वाला व्यक्ति है।

#### सरोगेसी पिता बनना चाहता था रामकुमार

**रुद्रपुर :** पूछताछ में आरोपी रामकुमार की गर्लफ्रेंड ने यह भी बताया कि चेयरमैन सरोगसी के माध्यम से पिता बनना चाहता था। सरोगेसी का मतलब है कि एक महिला या दूसरे किसी व्यक्ति या फिर जोड़ से इच्छित माता-पिता के लिए बच्चे को जन्म के लिए सहमत करना। इसे किराए की कोख भी कहा जाता है। जहां एक महिला बच्चे को जन्म देती है, लेकिन वह बच्चा उन माता-पिता का होता है। जिन्होंने सरोगेसी का सहारा लिया होता है।

#### बैंक प्रबंधक-कैशियर की हुई थी गिरफ्तारी

**रुद्रपुर :** दो सितंबर 2024 को जिस वक्त भू अध्याप्ति अधिकारी ने मुकदमा पंजीकृत करवाया था तब अगले दिन तीन सितंबर को ही पुलिस ने इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह और कैशियर प्रियम सिंह की गिरफ्तारी कर दी थी और जांच के बाद 7.5 करोड़ की धनराशि को होल्ड करवा दिया था। जांच में यह भी पता चला था कि घपला होने के बाद प्रबंधक ने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था और विदेश भागने की फिराक में था।

#### कैशियर प्रियम हुई थी दोषमुक्त

**रुद्रपुर :** दो सितंबर 2024 को मुकदमा पंजीकृत होते ही पुलिस की तफ्तीश में सबसे पहले आरोपी बैंक शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह और कैशियर प्रियम सिंह थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया था, लेकिन बार-बार तफ्तीश के दौरान कैशियर की भूमिका सामने नहीं आ रही थी। इस पर जिले का एसएसपी बनते ही मणिकांत मिश्रा के आदेश पर पुन: तफ्तीश हुई और चार्जशीट में कैशियर प्रियम का नाम बाहर हुआ था और अदालत ने भी सुनवाई करते हुए कैशियर को दोषमुक्त कर दिया।

# ट्रेन की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ट्रेन की चपेट में आकर एक राजमिस्त्री की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।



मोहम्मद सुल्तान।

मंगलवार को डाउन रेलगाड़ी संख्या-65302 काशीपुर से बरेली जा रही थी। इसी बीच दोपहर 12.20 बजे बाजपुर क्षेत्र में चीनी मिल गेट संख्या-22 सी के घोघा नदी रेलवे पुल के नजदीक एक युवक अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसे आनन-फानन में ही सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के बाद सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। इसी बीच रेलवे पुलिस में एएसआई कृष्ण सिंह राणा भी अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए और जानकारी जुटाई। जिसकी शिनाख्त जेब से मिले आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों से मानपुर उत्तरी स्वार रामपुर (उप्र) निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद सुल्तान अहमद के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया और कुछ ही देर में परिजन एवं अन्य लोग सरकारी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों के अनुसार मृतक सुल्तान को नजर दोष था और वह अपनी आंखों की दवाई लेने के लिए बाजपुर आया था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि कम दिखने के चलते यह हादसा हुआ है। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था और परिजन के साथ ही दो लड़के व एक लड़की को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

#### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**काशीपुर :** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रामनगर के ग्राम पीपलसाना हल्दुआ निवासी गोपाल सिंह (40) कुंडेश्वरी के ग्राम जुड़का स्थित एक फार्म हाउस में नौकरी करता था। वह फार्म हाउस पर लगभग 15-20 साल से रह रहा था। बताया जा रहा है कि बीते सोमवार को क्षेत्र में किसी व्यक्ति के यहां तेरहवीं कार्यक्रम था। देर रात गोपाल सिंह तेहरवीं कार्यक्रम से वापस फार्म हाउस लौट रहा था। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे महाराजा स्टोन क्रशर जुड़का के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की टक्कर लगने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह लगभग 15-20 साल से ग्राम जुड़का स्थित एक फार्म हाउस में रहकर काम करते थे। समय-समय पर घर आते-जाते रहते थे। वह तीन भाई गंगाराम व सोनू में सबसे बड़े थे।

#### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल



**बाजपुर :** सड़क हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मोहल्ला टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी निवासी 55 वर्षीय लीलावती पत्नी चंद्रपाल मंगलवार को अपने बेटे गगन के साथ बाइक पर नया गांव से अपने घर वापस लौट रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच चीनी मिल नेहरू मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के नजदीक महिला चलती बाइक से अचानक असंतुलित होकर बाइक से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से रेफर कर दिया है।

# छात्रा ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर जान दी

- छुट्टी पर गांव से आई थी ट्रांजिट कैंप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

रुद्रपुर संवाददाता

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में छात्रा द्वारा संदिग्ध हालात में आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

न्यूरिया पीलीभीत निवासी गंगा राम की 18 साल की बेटी गर्मियों की छुट्टी पर अपने पिता के यहां अरविंद नगर ट्रांजिट कैंप आई थी। बताया जा रहा है कि उसने 12 वीं पास किया था और आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रही थी। मंगलवार की शाम को जब पिता गंगाराम सिडकुल की कंपनी में काम पर निकले ही थे कि अकेले होने का फायदा उठाते हुए छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब तिमंजिले पर रहने वाले अन्य किराएदारों ने देखा तो छात्रा फंदे पर लटकी हुई थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहन चंद पांडे और दरोगा महेश कांडपाल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। उधर, छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

#### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**रुद्रपुर :** खेड़ा बस्ती के रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार की देर रात्रि रंपुरा पुलिस चौकी को खबर मिली कि खेड़ा बस्ती निवासी 35 वर्षीय युवक रवि केवट का शव लटका हुआ है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि युवक ने कमरे की बल्ली में फंदा लगाकर सुसाइड किया था। घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट भी नहीं था। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि युवक की पत्नी दिल्ली में नौकरी करती है और वही रहती है। जबकि रवि भी कई साल से दिल्ली में ही रहता था। एक सप्ताह पहले ही दिल्ली से अपने घर खेड़ा बस्ती आया था। युवक की मौत की खबर मिलते ही उसकी पत्नी और परिवार के लोग रुद्रपुर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आत्महत्या की तफ्तीश शुरू कर दी है।

### सक्रियता

### 26 बीट आरक्षियों को सौंपे गए मोबाइल, पुलिस मुख्यालय ने शुरू की नई पहल

# ई-बीट बुक पुलिसिंग से होगी कड़ी निगरानी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पुलिस मुख्यालय की नई पहल के बाद अब जनपद पुलिस को आधुनिक बीट पुलिस बनाने की शुरुआत हुई। इसके तहत अब बीट आरक्षियों के पास एक ऐसा आधुनिक मोबाइल रहेगा, जिस पर क्लिक करते ही इलाके की बीट बुक खुल जाएगी और घटना की भौगोलिक स्थिति के अलावा अपराधी पर भी निगरानी हो सकेगी। इसके चलते एसएसपी ने बीट आरक्षियों को पहले चरण में मोबाइल भी वितरित किए।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि अत्याधुनिक मोबाइल फोन में ई-बीट बुक ऐप डाउनलोड है। जिसमें संचार, अपराध नियंत्रण के अलावा जन शिकायतों का त्वरित गति से समाधान हो गया। जो कि मैनुअल बीट बुक की अवधारणा पर आधारित है। मोबाइल के माध्यम से घटना की जानकारी आला अधिकारियों को फौरन मिल जाएगी और डिजिटल रिकॉर्ड भी मुहैया रहेगा।

बताया कि मोबाइल के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और ट्रैक करने में आसानी होगी। उन्होंने 26 बीट आरक्षियों को आधुनिक मोबाइल देते हुए बीट ड्यूटी को सजगता से करने और हमेशा ड्यूटी के दौरान मोबाइल साथ रखने का भी आदेश दिया।



मोबाइल दिखाते बीट आरक्षी। ● अमृत विचार

#### सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत के मामले में टक्कर मारने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम सूरजपुर जसपुर निवासी संदीप सिंह ने बताया कि उसका भाई गुरदीप सिंह बीती 26 मई को अपने टाटा एस (छोटा हाथी) वाहन में सवार होकर जसपुर से लालकुआं मुर्गी दाना लेकर जा रहा था। रास्ते में करीब सुबह चार बजे जसपुर-रुद्रपुर हाईवे पर अलीगंज पुल से पहले यू टर्न पर पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसके भाई के वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। जब हाईवे पुलिस उसके भाई को सरकारी अस्पताल ले गई तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट । सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा

> सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।

> ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था ।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालती: मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

> इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया- एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

-फेसबुक वॉल से

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

> बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्लावामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्लावामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### डॉ. नवीन भट्ट को योग सेवा-समर्पण सम्मान



सम्मान प्राप्त करते डॉ. नवीन भट्ट।

**खटीमा** : कौसानी योग संस्थान द्वारा डॉ. नवीन भट्ट को योग-सेवा-समर्पण सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. भट्ट को यह सम्मान उनके द्वारा योग के क्षेत्र में की जा रही अतुलनीय सेवा के लिए दिया गया। कौसानी योग संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में श्रीपुर बिछुआ निवासी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के योग विभागाध्यक्ष डॉ. भट्ट को योग- सेवा- समर्पण सम्मान से सम्मानित करते हुए संस्थान के संस्थापक डॉ. महेंद्र सिंह मेहरा मधु ने कहा कि डॉ. भट्ट योग के माध्यम से सेवा, समर्पण के द्वारा जन -जन को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाता रहा है। डॉ भट्ट ने पिछले वर्षों से एक माह का आओ हम सब योग करें अभियान चलाकर लाखों लोगों को योग से जोड़ा है। सम्मान समारोह में महेंद्र मेहरा मधु, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष बलवंत नेगी, डीआरडीओ के सेवानिवृत वैज्ञानिक हेमन्त पांडे, वयोवृद्ध समाजसेवी भैरव दत्त जोशी आदि उपस्थित रहे।

### जनसंघ के संस्थापक पंडित मुखर्जी को किया नमन




किच्छा में पंडित मुखर्जी को नमन करते भाजपाई।

**किच्छा** : भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने उन्हें याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के हल्द्वानी बाईपास स्थित कार्यालय में तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। भाजपा नेता सिंह ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक पंडित मुखर्जी का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर राजपाल सिंह, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, मनोज गुप्ता, मुन्ना चौबे, प्रवीण सिंह, करण सिंह, विशाल चौहान, नवीन सिंह, कमलेश दुबे आदि मौजूद रहे।

### बच्चों एवं ग्रामीणों को दी अधिकारों की जानकारी



शक्तिफार्म में बच्चों को जानकारी देते ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्य।

**शक्तिफार्म** : इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईइसडी) के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बच्चों एवं ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम उकरौली में उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार, इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) के सहयोग से, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के विशेषज्ञों द्वारा नालसा (बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं) योजना एवं मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीण बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मनोज कुमार, मंगल सिंह, ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से ममता मेहरा, सुरेश गिरी, नीरज सिंघल, इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) से काउंसलर बबली सरकार, बबली राव, राकेश कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान मदन कुमार मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध ने दम तोड़ा

**शक्तिफार्म** : 20 दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल गुरुग्राम निवासी 70 वर्षीय वृद्ध विनंद मंडल ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। गुरुग्राम निवासी विनंद मंडल पिछले दो जून को मोपेड से बैकुंठपुर से अपने घर गुरुग्राम लौट रहे थे। टैगोर नगर तीन पानी मोड़ से कुछ दूर देवनगर रोड पर तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने मोपेड को टक्कर मार दी थी। जिससे विनंद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद परिजन घायल को उपचार के लिए रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां घायल का इलाज चल रहा था। सोमवार को घरवाले वृद्ध को घर ले आए। मंगलवार को वृद्ध विनंद मंडल का निधन हो गया।

# आईटीआई पुलिस ने दो घरों में चोरियों का किया खुलासा, दो आरोपी दबोचे

## पकड़े गये दोनों आरोपियों पर उत्तराखंड और यूपी में दर्ज हैं कई मुकदमे, जांच की शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : आईटीआई थाना पुलिस ने नीझड़ा के दो घरों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपियों पर पूर्व में भी यूपी और उत्तराखंड में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के कई मामले पंजीकृत हैं।



काशीपुर में पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

आईटीआई थाने में चोरी की दो घटनाओं के मामले प्रकाश में आए थे। जिसमें जसपुर खुर्द, निझड़ा कॉलोनी निवासी महेशी देवी पत्नी सूरज सिंह बिष्ट व ग्राम नीझड़ा निवासी सीता देवी के बंद घरों में रात को चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पुलिस जांच शुरू कर दी थी। घटनाओं के खुलासे के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की और पूछताछ की। जिसमें दो आरोपियों को चिन्हित किया गया।

मंगलवार को पुलिस टीम ने द्रोणा सागर टीले के पास से आरोपी तरसेम सिंह निवासी ग्राम गुमसानी, थाना केलाखेडा और सत्यम कुमार निवासी ग्राम सदरपुर थाना डिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दोनों क्षेत्र में घूम कर बंद घरों की तलाश करते थे। फिर उन घरों को चिन्हित कर रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। जिसके बाद चोरी किए सामान को सुनसान जगह में छिपा कर मौका मिलने पर ले जाते थे। थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला ने बताया कि दोनों आरोपी काफी शातिर किस्म के हैं और पूर्व में भी कई बार चोरी व लूट के मामलों में जेल जा चुके हैं। टीम में थानाध्यक्ष समेत उप निरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, जीवन सिंह चुफाल, एएसआई रविन्द्र सिंह गढिया, पुष्कर दत्त भट्ट, कांस्टेबल नीरज शुक्ला, गिरीश विद्यार्थी, योगेश पांडे, रमेश बंग्याल शामिल रहे।

### दोनों पर आधा दर्जन से अधिक दर्ज हैं मुकदमे

**काशीपुर** : आईटीआई थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला ने बताया कि पकड़े गए आरोपी तरसेम सिंह पर आईटीआई, बाजपुर, अमरोहा, गजरौला, डिडोली, हसनपुर थाना में 11 मुकदमे और दूसरे आरोपी सत्यम कुमार पर आईटीआई, रामपुर में गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट व चोरी के 6 मुकदमे पंजीकृत हैं।

### चोरी किया गया यह माल हुआ बरामद

**काशीपुर** : पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक गले का हार, मंगलसूत्र, नथ, चार पायल, दो गले के हार सफेद, तीन हाथ के कड़े, नाक की लौंग, लॉकेट, दो इनवर्टर बैट्री, इनवर्टर, एक एलईडी टीवी और घटनाओं में प्रयुक्त प्लास, आरी, कटर, दो हथौडी और एक सब्बल बरामद किया है।



पैरा खिलाड़ी मनदीप कौर को सम्मानित करते भाई दलजीत सिंह गोराया।।

# मनदीप कौर ने जीते एक रजत एवं दो कांस्य पदक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार** : विश्व चैंपियन दलजीत सिंह गोराया की बहन मनदीप कौर ने एशिया पैरा बैडमिंटन थाईलैंड में एक रजत एवं दो कांस्य पदक जीतकर देश, प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दलजीत सिंह गोराया ने बताया कि उनकी होनहार बहन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर संधू ने 17 से 23 जून तक थाईलैंड में आयोजित हुई एशिया पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और एसएल-3 कैटेगरी में खेलकर एक रजत एवं दो कांस्य पदक जीते। मनदीप ने सिंगल्स मुकाबले में रजत पदक जीता, डबल्स वूमेंस में मनीशा और मनदीप की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। मिक्स्ड डबलस मुकाबले में चिराग बरैठा और मनदीप की जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस तरह मनदीप ने पदक जीतकर स्वजन, बाजपुर, प्रदेश एवं अपने देश भारत का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इस होनहार खिलाड़ी ने एशियाई गेम्स 2022 में चाइना में दो कांस्य पदक जीते थे। मनदीप को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2024 में पेरिस पैरा ओलंपिक में भी प्रतिभाग किया था। मनदीप लगातार आर्म रेसलिंग में वर्ष 2015, 2016, 2017 तीन बार लगातार नेशनल चैंपियन रही है।

### बाबा बाल स्वामी महाराज की स्मृति में किया रक्तदान

**बाजपुर** : सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक में मंगलवार को संत बाबा बाल स्वामी महाराज की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी दर्शन लाल गोयल ने फीता काटकर किया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें कुल 12 यूनिट रक्त का संचय किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डा.सौरभ परमार ने संत बाबा बाल स्वामी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए और आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहकर समाज उत्थान में योगदान देना चाहिए। आध्यात्मिक सेतना संस्थान बाजपुर की ओर से सभी रक्तदाताओं एवं अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, राजेंद्र बेदी, स्नेह विकास शर्मा, लखविंदर सिंह नागी, राजकिशोर, दारा दिलेर सिंह, निलेश शर्मा, अतुल सक्सेना, प्रवीण गर्ग, जसमीन, गुरमुख सिंह, बलजीत सिंह, दीपक शर्मा, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।




बाजपुर सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक में लगे शिविर में रक्तदान करते युवा।

# वैश्य महासम्मेलन के गोयल जिलाध्यक्ष बने

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तराखंड इकाई के प्रदेश महामंत्री दीपक सिंघल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता और संयुक्त सचिव उपेन्द्र अग्रवाल ने काशीपुर पहुंच कर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल तथा नगर अध्यक्ष पद पर पीयूष नागलिया को मनोनीत किया।



काशीपुर में नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते वरिष्ठ पदाधिकारी।

नवनियुक्त अध्यक्षों से वैश्य समाज के सभी घटकों को एक साथ लेकर चलने का आह्वान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षों के मनोनयन पर वैश्य समाज ने खुशी जाहिर की। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन देश ही नहीं विदेशों में भी वैश्य समाज के 367 घटकों को एकता के सूत्रों में बांधने का पुरजोर कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के सहयोग और उनके उत्थान के लिए वैश्य समाज के उद्यमियों से आगे आने का आह्वान किया। महामंत्री सिंघल ने नवनियुक्त अध्यक्षों से अपनी अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करने का दायित्व भी सौंपा। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन 14 जून से देश भर में डेढ़ लाख यूनिट ब्लड डोनेशन के लक्ष्य को पूरा करने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। उत्तराखंड में देहरादून, उत्तरकाशी, ऋषिकेश, रुड़की, हरिद्वार सितारगंज में ब्लड डोनेशन कैंप लग चुके हैं। काशीपुर, जसपुर रुद्रपुर में शीघ्र ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाएंगे। इस दौरान अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वर चन्द्र गुप्ता, कुमायूं वैश्य महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, पूर्व महामंत्री बीके गुप्ता, अभिषेक गोयल, शेष कुमार सितारा, सनत पैगिया, कौशलेश गुप्ता, सतीश गोयल, जीके अग्रवाल, नवनीत बिश्नोई, अनिल अग्रवाल, अभिनव कुच्छल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त : व्यापारी

- गुजरात व पंजाब में हुए उप चुनाव में जीत पर किया मिष्ठान वितरण
- मटकोटा मार्ग के खस्ताहाल होने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार**: आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। प्रदेश में अफसर शाही हावी है। खनन व भूमाफियाओं का बोल बाला है। इस दौरान गुजरात व पंजाब के लुधियाना उपविधानसभा चुनाव में पार्टी के दो विधायक चुने जाने पर मिष्ठान वितरण किया।




आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता की बैठक को संबोधित करते हुए आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि प्रदेश सरकार महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं। सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी से मरीज को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। दवाइयों के दाम आसमान छू रहे हैं।

गदरपुर विधानसभा की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। जबकि छह वर्षों से गदरपुर से दिनेशपुर होते हुए मटकोटा मार्ग खस्ताहाल है। कार्यकर्ताओं ने गुजरात व पंजाब के उप चुनाव में आप की एक-एक विधायक चुने जाने पर मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन आप वरिष्ठ नेता रवि कुमार ने किया। बैठक में सुभाष भक्त, असित कुमार, सुभाष माझी, नरेश विश्वास, मनोरंजन साना, पंकज राय, तपस घरामी, विक्रम मेहता, विजय सिंह, दीनदयाल, भगत दास, मृत्युंजय हालदार, मंगतराम, राकेश कुमार, साकिर खान, सुनील भक्त, नरेश मंडल आदि मौजूद रहे।




सुल्तानपुर पट्टी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट का लोकार्पण करते चेयरमैन।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट का किया लोकार्पण

**सुल्तानपुर पट्टी** : नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के पर्यावरण संरक्षण अभियान को नई गति देते हुए चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान और राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट का लोकार्पण किया। लगभग 20 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इस परियोजना का उद्देश्य वर्षा जल को संरक्षित कर उसे भूजल स्तर सुधारने में उपयोगी बनाना है। चेयरमैन सैनी ने कहा कि जल संकट कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि आज की हकीकत है। हम अगर आज नहीं चेते, तो भविष्य में हमें पेयजल के लिए भी संघर्ष करना पड़ सकता है। नगर पंचायत की यह पहल न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि यह जल-संरक्षण की जनचेतना को भी बढ़ावा देगा। इस मौके पर सभासद जाहिद हुसैन, दिनेश कुमार, अरविंद सैनी, क्षितिज पाठक उपस्थित रहे।

# शराब पीकर शोर मचा रहे युवकों ने किया हमला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : शराब पीकर शोर मचा रहे युवकों को रोकने पर युवकों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

न्यू आवास विकास, काशीपुर निवासी देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी व छोटे बच्चों के साथ घर पर टीवी देख रहा था। उसी समय घर के आगे एक कार आकर रुकी। कार में कुछ युवक शराब पीकर शोर व गाली गलौज करने लगे तथा साथ में कार के स्पीकर तेज-तेज बजाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने बिना कोई बात सुने उस पर हमला कर दिया। उनमें से एक शराबी युवक ने उसके सिर पर डंडा मारा। जिससे वह लहूलुहान हो गया और सिर पर गंभीर चोट आयी। इसके बाद उसे इलाज के लिये सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। देवेन्द्र ने बताया कि इन शराबी युवकों का कई बार मोहल्ले में आना जाना लगा रहता है। यह मकान का प्रयोग शराब व अन्य अनैतिक कार्यों के लिए कई बार करते हैं। इन लड़कों में से एक युवक के पिता का यह मकान है। जिन युवकों ने उसपर हमला किया उसमें एक का नाम अभिषेक शर्मा है। जो वर्तमान में कुंडेश्वरी रोड के पास रहता है। देवेन्द्र ने बताया कि उक्त युवकों ने उसे भविष्य में नतीजा भुगतने की धमकी दी है। जिससे उसे व उसके परिवार को जान का खतरा है।

**उत्साह** | मांग पूरी होने पर कॉलोनीवासियों ने किया मेयर दीपक बाली का फूलमाला पहनाकर किया भव्य स्वागत

# मेयर दीपक बाली ने किया पौने दो करोड़ की सड़कों का शिलान्यास

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : नगर निगम महापौर दीपक बाली ने करीब पौने दो करोड़ की लागत की सड़कों का शिलान्यास किया।



काशीपुर में सड़कों का शिलान्यास करते मेयर दीपक बाली।

महापौर दीपक बाली ने वार्ड नंबर 11 में अलीगंज रोड पर कोका कोला एजेंसी से डीएवी स्कूल के गेट तक, इसी वार्ड में तारावती स्कूल के गेट से आशू के मकान तक, वार्ड नंबर 14 में आजाद नगर में त्रिवेंद्र चौहान के मकान के सामने से गोल्डी के मकान तक, इसी वार्ड में पप्पू के मकान से मंदिर को लेते हुए राजकुमार के मकान तक तथा वार्ड 21 में कमल कुमार के मकान से मकसूद के मकान तक, वार्ड नंबर 4 श्यामपुर में सविता के मकान से शिवम के मकान तक, इसी वार्ड में सुधीर सिंह के मकान से कल्याण सिंह के मकान तक, नवल किशोर बहादुर के मकान से अमन के मकान तक तथा वार्ड नंबर एक में लाइन पार में बलवीर के मकान से प्रमोद के मकान तक एवं वार्ड नंबर एक में ही आनंद बल्लभ जोशी व चंद्र सिंह सुगडा के मकान के पास क्षतिग्रस्त नाली व सड़क मरम्मत वीरेंद्र रावत दिवाकर व शोभा के मकान के पास व मधुर विद्या मंदिर रोड पर क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण, नवीन जोशी के मकान से हरी नेगी के मकान तक सीसी टाइल्स सड़क व नाली निर्माण एवं द्वारकाधीश मंदिर के पास नाले पर पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पूर्व महापौर बाली ने वार्ड नंबर 5 में ओम विहार कॉलोनी में जागेश के मकान से चेतराम के मकान तक वार्ड नंबर 5 में ही विमल कांडपाल के मकान से राजेश यादव के मकान तक दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव के घर से चंदन के घर तक खड़कपुर देवीपुरा में चामुंडा मंदिर के पास तुलाराम के मकान से खन्ना के मकान, वार्ड नंबर 10 में लाइन पार टंकी वाली रोड पर राजकुमार के मकान से जयंत के मकान तक, वार्ड नंबर 10 में ही वैशाली कॉलोनी में त्रिमूर्ति के मकान से देवानंद गिरी के मकान तक पीसीसी टाइल्स सड़क व नाली निर्माण तथा इसी वार्ड में वैशाली रोड पर गोरी स्वीट्स से एलडी मिश्रा के मकान तक सड़क व नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रमों में समरपाल चौधरी, जसवीर सिंह सैनी, वार्ड पार्षद बीना नेगी सीमा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते एवं सभासद जगतजीत सिंह का स्वागत करते वार्डवासी।

### सीसी टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास किया

बाजपुर। मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने नगर के वार्ड नंबर-11 मोहल्ला पहाड़ी कालोनी में बनने वाली सीसी टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर किया। इस दौरान चेयरमैन गित्ते ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में जाति-धर्म को दरकिनार कर विकास को प्राथमिकता दी जा रही है और बिना किसी भेदभाव के विकास की गंगा प्रवाहित की जा रही है। जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। नगर के प्रत्येक दरवाजे तक टाइल्स रोड पहुंचाने के लक्ष्य के अनुरूप रोडों का जाल बिछाया जा रहा है। इस दौरान वार्डवासियों द्वारा चेयरमेन गुरजीत सिंह 'गित्ते' एवं सभासद जगतजीत सिंह का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

## सार-संक्षेप



चुनाव में दावेदारों के नाम को लेकर रायशुमारी करते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपा में दावेदारों के नाम पर रायशुमारी के लिए मंथन

**शक्तिफार्म** : जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा से दावेदारों के नाम पर राय शुमारी के लिए पर्यवेक्षक राज्य सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष दान सिंह रावत ने शक्तिफार्म में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। नगर में आयोजित भाजपा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य के लिए गोविंद नगर सीट से भाजपा से कृष्णा राय पत्नी किशोर राय एवं गुरुग्राम सीट से साधना सरकार पत्नी मनोज खान, प्रभाती बसु पत्नी पंकज बसु एवं पल्लवी मंडल पत्नी निमाई चंद्र मंडल ने दावेदारी पेश की। दावेदारों के नाम को लेकर पर्यवेक्षक दान सिंह रावत ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, कार्तिक राय, मयंक अग्रवाल, विजय बागला, मनोज सरकार, जगदीश डालमिया, विष्णुपद प्रमाणिक, किशोर राय, राजू डसिला आदि मौजूद रहे।

### प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए नामांकन आज

**खटीमा** : खटीमा-मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति की प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री बुधवार को की जाएगी। मतदाता सूची पर आपत्तियों के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन कर दिया गया। गन्ना विकास समिति की प्रबंध कमेटी के 11 डायरेक्टर पदों के लिए 25 जून को नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा किए आयेंगे। वहीं 26 को नामांकन पत्रों की जांच, आपत्तियां और आपत्तियों के निस्तार के बाद वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जबकि 27 को नाम वापसी के ब प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। सचिव महेंद्र यादव ने बताया कि यदि जरूरत हुई तो चार जुलाई को मतदान और मतगणना कराई जाएगी। बता दें कि सामान्य निकाय प्रतिनिधि पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।



कार्रवाई के दौरान मौजूद नगर आयुक्त ऋचा सिंह व एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान।

### उपराष्ट्रपति दौरे को लेकर हटाया अतिक्रमण

**हल्द्वानी** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जनपद दौरे को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, नगर निगम और परिवहन विभाग ने मंगलवार को नैनीताल रोड पर सड़कों के किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाया और नो पार्किंग में लगे वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर निगम की ओर से दो ट्रॉली सामान जब्त किया गया और अतिक्रमण पर 5 हजार का चालान किया गया। साथ ही एयरोड्रम रोड पर नाली के ऊपर लगाए गए पटाल तोड़े गए। परिवहन विभाग ने नो पार्किंग पर खड़े 21 वाहनों का चालान किया और 2 वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान एक कैंटर का ओवरअल्ट्रेशन पर सीज की कार्रवाई कर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल सिंह, एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान, टीटीओ प्रमोद कर्नाटक, टीएसआई रामचंद्र पंवार और गिरीष कांडपाल मौजूद रहे।

### दून में आज एक दिवसीय विशेष कार्यशाला

**देहरादून** : सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), इंडिया सिने हब और उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आज देहरादून में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने मंगलवार को बताया कि इस कार्यशाला का विषय "डेवलेपमेंट इन फिल्मिंग इको सिस्टम इन उत्तराखंड" रखा गया है। कार्यशाला में एनएफडीसी एवं इंडिया सिने हब के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की फ़िल्म निर्माण से जुड़ी नीतियों और योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। इसके साथ ही उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू फिल्म नीति 2024 के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में फिल्म उद्योग से जुड़े फिल्म निर्माता, निर्देशक, सिनेमेटोग्राफर, फिल्म एडीटर, होटल उद्योग, टूर एंड ट्रैवल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि कार्यशाला में शामिल होंगे।

### इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जल्द ही नए चार्जिंग स्टेशन




**हल्द्वानी** : नगर निगम क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, अब इनके लिए चार्जिंग स्टेशनों की कमी को दूर करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। नगर निगम हल्द्वानी द्वारा विभिन्न स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। नगर निगम का यह कदम शहर में पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा, जिससे न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोगकर्ताओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर में प्रदूषण की समस्या में भी कमी आएगी। इन नए चार्जिंग स्टेशनों के स्थापित होने से वाहन मालिकों को लंबी यात्रा के दौरान भी चार्जिंग की चिंता नहीं रहेगी। नगर आयुक्त ऋचा सिंह का कहना है कि बहुत जल्द ही ये चार्जिंग स्टेशन शहर के प्रमुख स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते चलन को और बढ़ावा मिलेगा।

# प्रतिकूल परिस्थितियों में भी डेढ़ गुना बढ़ी उत्तराखंड की अर्थव्यवस्थाः धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में साझा की जानकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत पर्वतीय भू-भाग वाले उत्तराखंड राज्य का 71 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। राज्य की जटिल भौगोलिक परिस्थिति तथा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण राज्य की आर्थिक गतिविधियां सीमित हैं। इन प्रतिकूल परिस्थितियों एवं सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग डेढ़ गुना की वृद्धि हुई है।

मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने जानकारी साझा की कि वर्ष 2023-24 में नीति आयोग द्वारा जारी एसडीजी रैंकिंग में उत्तराखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही इस वर्ष जारी केयर एज रेटिंग रिपोर्ट में सुशासन एवं वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में छोटे राज्यों की श्रेणी में भी दूसरा स्थान पाया है। राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी




वाराणसी में मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन किया गया।

कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगारोधी कानून, भू-कानून बनाकर उत्तराखंड को समरस एवं सुरक्षित राज्य बनाने हेतु कार्य किये जा रहे हैं। वोकल फॉर लोकल, विरासत एवं संस्कृति, शिक्षा एवं कौशल, सहभागिता तथा आत्मनिर्भरता के सूत्रों को आत्मसात करते हुए प्रदेश के लगभग तीन लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के विभिन्न माध्यमों से जोड़ने की महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि, उत्तराखंड को आयुष तथा वेलनेस हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य में देश की पहली "योग नीति" का शुभारंभ भी किया गया है। राज्य में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन की स्थापना करने का निर्णय भी लिया गया है। इन प्रयासों और राज्य सरकार की प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने में केन्द्र सरकार द्वारा भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।

समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की विगत वर्षों की बैठकों में अनेकों महत्वपूर्ण नीतिगत एवं अंतर्राज्यीय विषयों के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश में सहकारिता, सुरक्षा और क्षेत्रीय समन्वय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और गृह मंत्री के प्रयासों से भारत आंतरिक रूप से कहीं अधिक सुरक्षित, संगठित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर हुआ है।

# अलोकतांत्रिक व विवादास्पद काल रहा आपातकाल : भगत

संवाददाता, हल्द्वानी

- भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने जारी किया बयान

**अमृत विचारः** भाजपा के वरिष्ठ विधायक बंशीधर भगत ने आपातकाल को भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल बताया है।

मंगलवार को जारी बयान में कालाढूंगी विधायक भगत ने कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता को अपने हाथों से जाते देख देश को 25 जून 1975 को आपातकाल की आग में झोंक दिया था। आपातकाल के दौरान, भारत में कई अत्याचार हुए, जिनमें राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी, प्रेस पर प्रतिबंध, और जबरन नसबंदी शामिल रहे। 1975-1977 के आपातकाल के दौरान सरकार ने राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असंतुष्टों को बड़े पैमाने पर गिरफ्तार किया। कई लोगों को बिना किसी मुकदमे के जेल में डाल दिया गया। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई। इसके अतिरिक्त, संजय गांधी के नेतृत्व में, सरकार ने जबरन नसबंदी का एक बड़ा अभियान चलाया, जिसमें लाखों पुरुषों को नसबंदी के लिए मजबूर किया गया। इन अत्याचारों के परिणामस्वरूप, कई लोगों को शारीरिक और मानसिक नुकसान



हुआ। आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों के कारण, इसे भारत के इतिहास में सबसे काले अध्यायों में से एक माना जाता है।

विधायक भगत ने आंकड़ों को पेश करते हुए कहा कि, आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने 100,000 से अधिक राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असंतुष्टों को गिरफ्तार किया। सरकार ने कई लोगों पर अत्याचार और उत्पीड़न किया, जिसमें उन्हें पीटना, प्रताड़ित करना और उनकी संपत्ति जब्त करना शामिल था। इन अत्याचारों के कारण, आपातकाल को भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल माना जाता है।

# जौनपुर के थे पिता-पुत्री दो लापताओं की तलाश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन में हुई थी दोनों की मौत

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन का शिकार हुए दो श्रद्धालुओं के शवों की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर निवासी हरिशंकर गुप्ता (47) पुत्र ओमप्रकाश और उनकी नौ वर्षीया पुत्री ख्याति के रूप में हुई है। अभी, लापता दो अन्य श्रद्धालुओं की तलाश जारी है।

गौरतलब है कि, यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर 9 कैंची भैरव मंदिर के पास सोमवार शाम भूस्खलन होने से मलबे में कई तीर्थ यात्री दब गए थे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दो शवों को बरामद कर लिया था लेकिन शव क्षतविक्षत होने के चलते उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी। वहीं, मुंबई निवासी 60 वर्षीय रसिक भाई को बचा लिया गया था। उनका जानकीचट्टी पीएचसी में उपचार चल रहा है। भूस्खलन में लापता बताए गए दो अन्य श्रद्धालुओं की तलाश के लिए मंगलवार सुबह एसडीआरएफ और एनडीआरएफ द्वारा संयुक्त रूप से राहत और बचाव कार्य फिर शुरू कर किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात मिले दोनों शवों की पहचान जौनपुर निवासी पिता-पुत्री के रूप में हुई जबकि दो लापता श्रद्धालु बी-58 कृष्णा विहार नई दिल्ली की रहने वाली भविका शर्मा (11) पुत्री जय शर्मा और मुंबई के कमलेश जेठवा (35) पुत्र कांतिबाई बताए जा रहे हैं। वहीं, डीएम उत्तरकाशी प्रशांत आर्य और एसपी सरिता डोबाल ने मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## नदी में कूदने वाले का सुराग नहीं लगा

**खटीमाः** देवहा नदी में कूदे अधेड़ की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को चौथे दिन भी सफलता हासिल नहीं हुई। मझोला निवासी राजा राम 52 पुत्र उमाचरण ने शनिवार देर रात्रि देवहा नदी में छलांग लगा दी। जिसकी तलाश लगातार जारी है। पुलिस जहां लगातार चौथे और एसडीआरएफ की टीमें तीसरे दिन तलाश में जुटी है। मौके पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एसडीआरएफ टीम एसआई सुरेंद्र सिंह, खीम सिंह बिष्ट, कृष्ण कुमार रावत, अवनीत सिंह, रोहित परिहार, मंगल दीप, नितिन शर्मा आदि रहे।

## युवक ने खाया जहर

**काशीपुरः**मोहल्ला मझरा लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कोई जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# विधायक बेहड़ ने त्रिस्तरीय चुनाव के लिए तैयार रहने का किया आह्वान

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए त्रिस्तरीय चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर तैयार रहने का आह्वान किया।

आवास विकास स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि फिलहाल त्रिस्तरीय चुनाव पर रोक लगी है, किंतु आने वाले समय में किसी भी समय चुनाव संपन्न हो सकते हैं, इसलिए हम सभी को पूरी तरह से चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर स्वच्छ छवि के ईमानदार व्यक्ति को चुनाव जिताया जाए, ताकि जनता को एक जन सेवक मिले और क्षेत्र के चौमुखी



किच्छा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते कांग्रेस विधायक बेहड़। ● अमृत विचार

विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण हो। उन्होंने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्याशियों को अधिक से अधिक वोटो से जिताने के लिए टीमों का गठन कर रूपरेखा बनाने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक बेहड़ ने विधानसभा के तमाम क्षेत्रों से आए तमाम लोगों की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान जल्द करने का भरोसा दिलाया। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह एवं अरुण शुक्ला, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, एन यू खान, धर्मेंद्र सिंधी, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

# बाल श्रम कर रहे दो नाबालिग मुक्त कराए

संवाददाता, रुद्रपुर

- श्रम प्रवर्तन दल ने की ताबड़तोड़ छापेमारी
- ऑटो-इलेक्ट्रिक की दुकान पर कर रहे थे बाल श्रम

**अमृत विचार** : श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने ट्रांजिट कैंप इलाके में छापेमारी करते हुए दो नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर बाल श्रम से मुक्त कराया और आरोपी फर्म स्वामियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया। संयुक्त टीम की छापेमारी से ऑटो एवं ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया।

21 जून को जिला टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने ट्रांजिट कैंप इलाके में छापामार कार्रवाई प्रारंभ की और पड़ताल में पाया कि गोल मढैया स्थित धर्मेंद्र ऑटो सर्विस में एक नाबालिग निवासी जाफरपुर शीशगढ़ बरेली बाइक की रिपेयरिंग कर रहा था जब फर्म संचालक से बाल श्रम संबंधी जानकारी मांगी, तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद जैसे ही टीम आगे बढ़ी तो देखा कि माही इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर की दुकान पर 13 वर्षीय किशोर निवासी वार्ड-चार वायरिंग का कार्य कर रहा था। जब फर्म स्वामी से दस्तावेज व जानकारी मांगी तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद संयुक्त टीम ने नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर बाल श्रम से मुक्त कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर प्रेमा दानू की लिखित सूचना पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. 1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4. 1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6. 1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8. 1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10. 1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3. 1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5. 1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7. 1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8. 1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू-19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।

**मेष** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।

**कर्क** — आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।

**कन्या** — आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**तुला** — आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपत्ति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**मकर** — आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

### लोक कलाकारों ने महोत्सव में दी गीतों की प्रस्तुति, कुमाऊं महोत्सव में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं लोग

# बोल हीरा बोल, के छू तेरो मन मा... पर झूमे लोग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जीआईसी मैदान में कुमाऊं महोत्सव जारी है। सोमवार रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लोक गीतों की धूम रही। इस दौरान लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लुप्त उठाया।

सोमवार को महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह और प्रांतीय अध्यक्ष उत्तराखंड मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन पुष्कर सिंह भैंसोड़ा ने दीप जलाकर किया। इसके बाद लोक गायक जितेंद्र तोमक्याल ने कुमाउनी-गढ़वाली गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बोल हीरा बोल, के छू तेरो मन मा..., आदि गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर युवाओं को झूमने में मजबूर कर दिया। वहीं, अन्य कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर महोत्सव में खूब रंग जमाया। यहां समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, हरीश कनवाल, विनीत बिष्ट, अमरनाथ वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।


कुमाऊं महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती बाल कलाकार।


लोक गायक जितेंद्र तोमक्याल।


शारदा पब्लिक स्कूल में अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ● अमृत विचार

### शास्त्रीय संगीत समारोह ने बांधा समां

**अल्मोड़ा :** शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में तबला घराने के खलीफा उस्ताद आफाक हुसैन खान साहब की स्मृति में शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट और वरिष्ठ रंगकर्मी नवीन बिष्ट ने दीप जलाकर किया। इसके बाद समारोह में राजेंद्र सिंह नयाल और सुनील कुमार के शिष्यों द्वारा तबला वादन प्रस्तुत किया गया। यहां विद्यालय के संस्थापक शेखर लखचौरा, प्रधानाचार्या विनीत शेखर लखचौरा, राघव पंत समेत अन्य मौजूद रहे।

# माल गांव में लगाया पिंजरा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत माल गांव में पिता-पुत्र पर गुलदार के हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना के बाद हरकत में आए वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाने के साथ ही गश्त भी शुरू कर दी है। हालांकि अब तक गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखाई दी गई है।

दरअसल, हवालबाग ब्लॉक के ग्राम पंचायत माल गांव में बीते सोमवार सुबह घात लगाए बैठे गुलदार ने पिता-पुत्र पर हमला बोल दिया। गुलदार के हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गनीमत रही कि पास में ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे, किसी तरह हो हल्ला किया। जिससे गुलदार वहां से भाग खड़ा हो गया। गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने घटना स्थल के आसपास पिंजरा लगा दिया है। साथ ही गश्त कर ग्रामीणों को एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि, गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखाई दी। गुलदार का सुराग नहीं लगने से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है।


माल गांव में पिंजरा लगाते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### घरों में दुबकने को मजबूर ग्रामीण

घटना के बाद माल गांव के ग्रामीणों में गुलदार का खौफ बना हुआ है। स्थिति यह है, कि ग्रामीण अंधेरा होने से पहले ही घरों के भीतर चले जा रहे है। रात के समय कोई भी ग्रामीण बाहर नहीं निकल रहा है।

> घटना के बाद गांव में पिंजरा लगा दिया है। वहीं, विभागीय कर्मचारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे है। अब तक गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखी है।
> **-मोहन राम आर्या,** वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा रेंज

# चम्पावत को मॉडल जिला बनाना मुख्य लक्ष्यः डीएम

### प्रशासनिक कार्यशैली का आधार होगा संवाद, जवाबदेही और गुणवत्ता, डीएम ने प्रेस वार्ता में साझा की समग्र विकास की कार्ययोजना

- **पारदर्शी, निष्पक्ष और समावेशी प्रशासन की की जाएगी स्थापना**
- **कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करें**

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार चम्पावत में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि जिले के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए अपनी प्राथमिकताओं, कार्यदृष्टि और मुख्यमंत्री की दूरगामी योजनाओं को साझा करते हुए जनपद को राज्य के मॉडल जिले के रूप में स्थापित करना उनका मुख्य लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, सड़क, आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण आजीविका जैसे बुनियादी क्षेत्रों में समर्पित कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में समन्वय स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री के आदर्श चम्पावत के सपने को साकार किया जाएगा तथा पारदर्शी, निष्पक्ष और समावेशी प्रशासन की स्थापना की जाएगी।

कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाना, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना तथा आपदा प्रबंधन एवं मानसून की चुनौतियों से प्रभावी रूप में निपटना वर्तमान प्रशासन की प्राथमिक चुनौतियां हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को लेकर व्यापक सुधार की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे।

इस दौरान पत्रकारों ने डीएम को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया, जिनमें लोहाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास, जल जीवन मिशन, डामरीकरण कार्य, विभिन्न पंपिंग योजनाएं, चिकित्सा व्यवस्थाएं, ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें, पर्यटन विकास, डेंजर जोन की पहचान, देवदार वनों का संरक्षण, खेल विकास, पूर्णागिरि मार्ग की मरम्मत, कोलीढेक झील में मूलभूत सुविधाओं का सृजन, दुग्ध उत्पादन, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण तथा जीरो टोलरेंस नीति जैसे विषय शामिल रहे।


चम्पावत कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार


पिथौरागढ़ में समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी। ● अमृत विचार

### शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को करें कॉलः गोस्वामी

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा के लिए जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ जिला सभागार में व्यक्तिगत एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। जिलाधिकारी ने विभागवार अधिकारियों से शिकायतों की पेंडेंसी के बारे में जानकारी ली और सभी विभागों को निर्देश दिए कि शिकायतों को एलवन स्तर पर ही निस्तारण कर लिया जाए। शिकायतकर्ता को संबंधित विभाग अधिकारी उनकी शिकायतों के निस्तारण के बाद व्यक्तिगत कॉल करें और उन्हें बताए कि शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है और उनके संतुष्ट होने पर ही उस शिकायत को बंद करें। कहा कि सभी विभाग एक लिस्ट तैयार करें, जिससे यह पता चल सके कि कितने शिकायतकर्ताओं को कॉल की गई है। उनका क्या रिस्पॉन्स आया है और कितनी शिकायतों को संतुष्ट किया गया और 36 दिन से ज्यादा पेंडिंग शिकायतें कितनी हैं और उनको निस्तारित करने में क्या परेशानी हो रही है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शाम तक कॉल डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसीलारों को निर्देश दिए कि वे सारी शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। उन्होंने माना कि राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा शिकायतें आती है और काम भी ज्यादा रहता है। फिर भी समय निकाल कर शिकायतकर्ता को कॉल करें और जब तक वे संतुष्ट न हो जाए उनकी शिकायतों को क्लोज न करें और हो सके तो एलवन पर ही सभी शिकायतों का निस्तारण हो जाना चाहिए। जिला आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि राशन आपूर्ति को लेकर जो भी शिकायतें हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाए और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में राशन की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एडीएम योगेंद्र सिंह, डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ डॉ. नबियाल आदि मौजूद रहे।

# कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहींः पांडेय

- **डीएम ने नगर में नालों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली**
- **अधिकारियों को दिए समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र में नालों के निर्माण कार्यों को लेकर मंगलवार को डीएम ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान डीएम आलोक कुमार पांडेय ने आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नालों का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। जिससे जलभराव की समस्या से आमजन को राहत मिल सके।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि कार्यों में समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, समय पर कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के पाइपों के व्यवस्थित न होने पर भी नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में पानी का संयोजन देते हुए यह सुनिश्चित करें कि पाइप व्यवस्थित रूप से रखे जाएं। यहां बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, ईई सिंचाई खंड मोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेते डीएम। ● अमृत विचार

# ठेकेदारों पर लोनिवि कार्यालय में तोड़फोड़ का लगाया आरोप

- **डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने बैठक कर कार्रवाई की उठाई मांग**
- **जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के सदस्यों की मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में इंजीनियर्स संघ ने लोनिवि परिसर में ठेकेदारों पर दुर्व्यवहार और कार्यालय में तोड़फोड़ का आरोप लगाया। मामले में उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग उठाई।

कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रांतीय खंड लोनिवि परिसर में कथित ठेकेदारों ने संघ के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार कर राजकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने की भी धमकी दी गई। आरोप लगाया कि कार्यालय में तोड़फोड़ भी की गई। इससे संघ के सभी सदस्यों में रोष व्याप्त है। उन्होंने इन अराजक तत्वों पर उच्चाधिकारियों से उचित कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि उचित कार्रवाई नहीं होने पर डिप्लोमा इंजीनियर्स आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यहां केजी गोस्वामी, पीएस फर्त्याल, पुनीता रानी, हिमांशु जोशी, तनुजा राणा गैड़ा, अंकित सिंह, प्रदीप कुमार जोशी, रिनी पांडेय, ललित सिंह बिष्ट, मनोज नाथ गोस्वामी, मुकेश मिश्रा, हितांशी नैलवाल, दीपक जोशी, वरुण पंत आदि इंजीनियर्स मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की बैठक में मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार

# योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचारः** जिला सभागार में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी फाइल दो दिन से अधिक किसी भी स्तर पर लंबित न रहे। अनावश्यक पेंडेंसी विकास की गति को बाधित करती है, जिसे गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें ताकि कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत, नालियों की समुचित सफाई और रख-रखाव को प्राथमिकता पर लिया जाए। जेजेएम से जुड़े कार्यों को कृषि, उद्यान एवं ब्लॉक स्तरीय योजनाओं के साथ समन्वय बनाकर वृक्षारोपण और सारा कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। कोई भी डीपीआर लंबित न रहे तथा सभी प्रस्तावों को तैयार कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। कहा कि विकास कार्यों की गति बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता इसके मूल आधार होंगे। गैर-जवाबदेही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# डीडीए के खिलाफ सर्वदलीय संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

- **अब तक समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने पर जताई नाराजगी**
- **डीडीए समाप्ति तक आंदोलन जारी रखने की दी चेतावनी**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पहाड़ी क्षेत्रों में डीडीए को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।

मंगलवार को सदस्यों ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में प्रदर्शन कर कहा कि डीडीए के कारण लोगों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले सात साल से भी अधिक समय से समिति डीडीए हटाने की मांग कर रही है, लेकिन मांग के बावजूद अब तक सरकार ने डीडीए हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सदस्यों ने जल्द से जल्द सरकार से डीडीए हटाने की मांग की। यहां पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, शहाबुद्दीन, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, पूरन सिंह रौतेला, प्रताप सिंह सत्याल, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, रोबिन मनोज भंडारी, प्रत्येश पांडे, भारत रत्न पांडे, हेम चंद्र जोशी, चंद्रमणि भट्ट, हेम चंद्र तिवारी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में डीडीए को लेकर प्रदर्शन करते सर्वदलीय संघर्ष समिति के सदस्य।


टनकपुर पुस्तक मेला आयोजन समिति को श्रीनगर में किया गया सम्मानित।

### टनकपुर पुस्तक मेला आयोजन समिति सम्मानित

**टनकपुर, अमृत विचार :** श्रीनगर गढ़वाल में अपनी धरोहर न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय साहित्य एवं सांस्कृतिक सम्मेलन धरोहर संवाद 2025 में टनकपुर पुस्तक मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों से लोगों ने प्रतिभाग किया। पुस्तक कुम्भ में बच्चों के पढ़ने की रुचि को बढ़ाने तथा पुस्तकों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से उत्तराखंड में प्रथम पुस्तक मेला टनकपुर में कराने के लिए टनकपुर पुस्तक मेला आयोजन समिति को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल और अपनी धरोहर न्यास के अध्यक्ष विजय भट्ट द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में टनकपुर पुस्तक मेला आयोजन समिति के सचिव नवल किशोर तिवारी, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी पिंकी, इंद्रेश लोहनी, प्रांजलि लोहनी, रमेश कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिताएं हुई संपन्न

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर आयोजित हॉकी, फुटबॉल, वालीबॉल एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिताएं मंगलवार को सम्पन्न हो गईं।

सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, पिथौरागढ़ में सद्भावना हॉकी मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं जीआईसी के मध्य खेला गया, जिसमें जीआईसी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को 5-2 गोल से पराजित किया। वालीबॉल मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं जाजरदेवल के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम ने जाजरदेवल को 2-1 से पराजित किया। जोहार खेल मैदान मुनस्यारी में सद्भावना फुटबॉल मैच जोहार क्लब व मुनस्यारी के मध्य खेला गया, जिसमें जोहार ने मुनस्यारी को 3-1 से पराजित किया।

ताइक्वांडो में सब जूनियर बालक वर्ग में दिव्याशु रावत, साकेत विजेता एवं काव्य, कार्तिक उप विजेता रहे। जूनियर बालक वर्ग में कुनाल सिंह, क्षितिज, दिव्यांशु विजेता एवं शिवम, राहुल, वंश उप विजेता रहे। सब जूनियर बालिका वर्ग में लक्षिता, मेघा विजेता एवं रागिनी, भुमिका उप विजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग में परिणीका चन्द, साक्षी जोशी विजेता एवं आयुषी, आराध्या उप विजेता रहे। प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गयी। इस अवसर पर कै. देवी चन्द, जिला हॉकी संघ पिथौरागढ़ के सचिव भूपाल सिंह चुफाल, लीलावती जोशी एवं निखिलेश भण्डारी, मनोज रावत, प्रशान्त भैंसोड़ा, सुनील प्रसाद, दिनेश वल्दिया, पंकज आदि उपस्थित रहे।



पिथौरागढ़ खेल स्टेडियम में हॉकी टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# नशामुक्ति केंद्र में युवाओं को किया गया जागरूक

**बनबसा, अमृत विचार :** श्री राधा शरणम् सेवा समिति के द्वारा नशामुक्ति केंद्र में रह रहे युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया। समिति के द्वारा युवाओं को हनुमान चालीसा और राधा नाम का जाप कराया गया।

भजन सम्राट कपिल भार्गव ने बताया कि पचपकरिया में संचालित नशामुक्ति केंद्र में नशे की आदत छोड़ने के लिए रह रहे युवाओं को राधा नाम जप हनुमान चालीसा का नित्य पाठ करने के लिए प्रेरित किया गया। समिति के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ की पुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान महेश मुरारी, जनक चंद, गिरीश जोशी, शिव नारायण साहू, मनोज मित्तल मौजूद रहे।



नशा मुक्त पखवाड़े के तहत रैली निकालते एसएसबी के अधिकारी और जवान।

### नशा मुक्त पखवाड़े के तहत निकाली रैली

**रानीखेत, अमृत विचार :** गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान व अमित कुमार महानिरीक्षक सीमांत रानीखेत के निर्देशन में दिनांक 12 जून से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विभिन्न माध्यमों (ई-शपथ, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म व रैली) से प्रचार-प्रसार कर बल कर्मियों व स्थानीय जनता को जागरूक किया जा रहा है। इसी के क्रम मे मंगलवार को सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, गनियाधौली (रानीखेत) से गांधी चौक रानीखेत होते हुए गनियाधौली बाजार क्षेत्र होते हुए रैली निकाली गई। सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि रैली का उद्देश्य, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। ताकि नशे की चपेट में समाहित हो रहे युवाओं, युवतियों को मुख्य धारा में लाया जा सके। और वो अपना सुखद जीवन व्यतीत कर सके। रैली में सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी व बल कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,055.11 | 25,044.35 |
| बढ़त | 158.32 | 72.45 |
| प्रतिशत में | 0.19 | 0.29 |

# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी



इंडिया एक्जिम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

- **कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।

देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में 6% की वृद्धि है। जहां वैश्विक निर्यात में केवल 4% की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3% की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की विश्व निवेश रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति में सुधार हुआ है, वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थी। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक है, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

# कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन



कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।

### कमोडिटी क्या है?

कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा- कच्चा तेल, डीजल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

### कैसे करें निवेश

- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ: जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट: सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

### निवेश के लाभ

- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प:** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव:** कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं। **उच्च लाभ की संभावना:** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

### निवेश के जोखिम

- **उच्च अस्थिरता:** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क:** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी:** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- **मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट**

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये में मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# चीन से आयातित चार रसायन पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित चार रसायन पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट और अघुलनशील सल्फर पर लगाया गया है।

राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- **केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### आय से अधिक संपत्ति में 8 अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों के घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि वसानद के पास धारवाड़ में एक आलीशान बंगला है। छापे के दौरान उनके घर से सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए।

#### जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

#### असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कछार जिले से तीन करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि खुफिया सूचना पर कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576.58 किलोग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी



- **शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।

### न्याय का उपहासः जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

# न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- **राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया**

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज हो जारी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप - या मिलीभगत!

### भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

# सूरत में 36 घंटों में हुई 400 मिमी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**सूरत।** गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 400 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई, जिससे मंगलवार को शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि कई सड़कें और आवासीय परिसर जलमग्न हो गए। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ इलाकों में लोगों ने एक से दूसरे स्थान तक जाने के लिए ट्रैक्टरों का इंतजाम किया, जबकि शहर के कुछ अन्य हिस्सों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए नाव का सहारा लिया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार के लिए सूरत सहित राज्य के कुछ अन्य जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश तथा कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। नगर आयुक्त शालिनी अग्रवाल ने सूरत में 24 घंटे में 400 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश होने की पुष्टि की है।

### बलिदान की विरासत



जबलपुर के बरहा समाधि स्थल पर रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी नृत्य में हिस्सा लिया। एजेंसी

# पीएमएमएल की बैठक में नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा भी आया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सोमवार को पीएमएमएल सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह अहम बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई।

सूत्रों ने बताया कि अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। हालांकि, उन्होंने इस विषय पर विस्तार से नहीं बताया। एक अन्य सूत्र ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया ही था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन में रहते थे जो उनके निधन के बाद नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) बन गया।

# रक्षा मंत्रालय ने किए 13 खरीद अनुबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सेना के आतंकवाद रोधी तंत्र को मजबूत करने के लिए शुरू की गई पहल**

रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ावा देने के वास्ते आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद कार्यक्रम के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है।

भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मजबूती से मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद उसने सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। आपात खरीद तंत्र के तहत विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट और बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आतंकवाद-रोधी अभियानों के लिए भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को मजबूत करने के वास्ते एक अहम कदम के रूप में रक्षा मंत्रालय ने आपात खरीद तंत्र के तहत 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय के सापेक्ष 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

# लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया।

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी राजनीति में नैतिकता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

# एससीओ में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की वकालत करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **चीन के किंगदाओ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे रक्षामंत्री**

पाकिस्तान के समर्थन से जारी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कूटनीतिक प्रयासों की तर्ज पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रयास बढ़ाने पर जोर देंगे।

सिंह सम्मेलन के लिए चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत के बंदरगाह शहर किंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री की आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक क्षेत्रीय सहयोग का आह्वान करने की योजना, पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के डेढ़ महीने बाद सामने आई है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों में गंभीर तनाव पैदा होने के बाद से यह किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की चीन की पहली यात्रा है।

# हार-जीत के रोमांचक मोड़ पर पहला टेस्ट मुकाबला

## बेन डकेट ने शतक लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया, शार्दुल ने दो विकेट लेकर उम्मीद को जीवित रखा



बेन डकेट।

लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में चार विकेट भले ही गंवाये लेकिन सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत की औसत गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाकर शानदार शतक के साथ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने खबर लिखे जाने तक पांच विकेट पर 320 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 47 रन की जरूरत है।

जो रूट 37 और जेमी स्मिथ 08 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों को टीम को जीत तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती दिख रही है। बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया।

इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाये रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर यशस्वी जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने एक ओवर में डकेट और हैरी ब्रूक (0) को आउट करके भारत को मैच में लौटाने की कोशिश की।


कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

## अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार

**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का



उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना है।

## एक नजर

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्सखेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

### इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा।

### गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने करार का नवीनीकरण किया

**नई दिल्ली :** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।


प्रयागराज : राजस्थान की कनिष्का टॉगर 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जूनियर महिला भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग लेती हुई। ● एजेंसी

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गईं।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।

### जीत की कवायद


जर्मनी में डब्ल्यूटीए बैड होम्बर्ग टेनिस टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच के दौरान टैलीस जैस्मीन पाओलिनी कनाडा की लेयला फर्नांडीज को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

## हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप जीतने पर

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है।



उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

नई दिल्ली, एजेंसी


जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



## दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

नयी दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# युद्धों का एक मकसद ये भी... दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद करीब 50 से अधिक देशों में युद्ध, गृह युद्ध, विदेशी हस्तक्षेप या विद्रोहों के चलते सत्ता परिवर्तन हुए हैं। इनमें सर्वाधिक सत्ता परिवर्तन शक्तिशाली देशों की वजह से ही हुए हैं। भू राजनीतिक स्थिति अपने पक्ष में रखने के लिए शक्तिशाली देश दूसरे देशों में कई तरह से अस्थिरता पैदा करते रहे हैं। खासतौर से अमेरिका ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई देशों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध किए हैं जिनका मुख्य कारण शीतयुद्ध के दौरान साम्यवाद रोकना या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाना रहा है। सन् 2001 के बाद आतंकवाद से लड़ना भी एक कारण रहा है। ताजा उदाहरण ईरान है जहां जारी संघर्ष के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को हटाकर सत्ता परिवर्तन की मंशा जताई है। ईरान के निर्वासित शहजादे ने सत्ता पर दावेदारी भी कर दी है।

### किन देशों में युद्ध के बाद बदली सत्ता

#### जर्मनी में नाजी शासन

सन् 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में नाजी शासन का खात्मा हो गया, साथ ही ये देश दो हिस्सों में बंट गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत और पश्चिमी जर्मनी पर अमेरिका, यूके, फ्रांस के प्रभाव वाली नई लोकतांत्रिक सरकारें बनीं।

#### जापान में सैन्य शासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही जापान पर अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर कब्जा कर लिया। सैन्य शासन रहने के बाद वहां लोकतंत्र स्थापित किया गया।

#### कोरिया का विभाजन

सन् 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध के बाद इस देश का उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में स्थाई विभाजन हो गया। कुछ समय बाद दक्षिण कोरिया में लोकतंत्र स्थापित हो गया लेकिन उत्तर कोरिया में तानाशाह शासन बरकरार है।

#### वियतनाम का एकीकरण

सन् 1955से 1975 के बीच संघर्ष के बाद अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम की पराजय हुई, कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम ने देश को एकीकृत किया। ईरान में भी 1979 में अमेरिका समर्थित शाह को उखाड़ फेंका गया।

#### अफगानिस्तान-इराक

सन 1979 से 2021 के बीच दूसरे देशों के हस्तक्षेप से आंतरिक संघर्ष के कारण कई उतारचढ़ाव हुए। 2001 में तालिबान शासन हटा और 2021 में फिर बहाल हो गया। इराक में अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को हटाया, इसके बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी।

### जब खुद सीधे युद्ध में उतरा अमेरिका

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका और सहयोगियों ने जर्मनी में हिटलर को हराकर नाजी शासन का खात्मा किया।
- परमाणु बम गिराने के बाद अमेरिका के आगे जापान ने आत्मसमर्पण किया। अमेरिका ने 1952 तक कब्जा रखा।
- अमेरिका 1950 में दक्षिण कोरिया के समर्थन में युद्ध में उतरा। युद्ध के बाद देश का स्थाई रूप से विभाजन हुआ।
- वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम के खिलाफ दक्षिण का साथ दिया। अमेरिका को हार झेलनी पड़ी।
- अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका ने 9/11 के हमले के बाद तालिबान शासन को हटाया। यहां नई लोकतांत्रिक सरकार बनी। मगर चल नहीं पाई।
- इराक में 2003 में अमेरिका ने हमला कर सद्दाम हुसैन की सत्ता गिराई। लोकतांत्रिक चुनाव हुए मगर अब तक अस्थिरता बनी हुई है।

## एक नजर

### दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके

**मनीला।** दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस के तट पर मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 09 :58 बजे (0158 जीएमटी) महसूस हुए जो दावाओ ओरिएंटल प्रांत के बगंगा शहर से लगभग 359 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीनी सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप से नुकसान नहीं होगा।

### उग्रवादी हमले में खैबर पख्तूनख्वा में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं। हमलावरों की गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मंडिकोल इलाके में एक सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में आठ अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### इंडोनेशिया: आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### प. बंगाल में आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** पश्चिम बंगाल के कोल्हापुर में स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने 20 लाख रुपये की वसूली करने के आरोप में एक आरटीआई कार्यकर्ता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। लक्ष्मी टेकड़ी इलाके में आरटीआई कार्यकर्ता जयराज भीमराव कोली ने छत्रपति प्रमिला राजे सिविल अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता अजिंक्य पाटिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार कोईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### संरा ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई गंभीर चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की ओर से कतर के अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर दागे गये मिसाइल हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जतायी है। महासचिव के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजारिक ने बयान में कहा कि श्री गुटेरेस मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस हमले से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि संकट की शुरुआत से ही महासचिव सैन्य तनाव को खतरनाक बताते आये हैं और सोमवार को ईरान द्वारा कतर की जमीन पर किया गया हमला निंदा योग्य है। श्री गुटेरेस ने सभी पक्षों से लड़ाई तुरंत रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह भी किया है।

### क्रेमलिन ने युद्ध विराम टिकाऊ होने की जताई उम्मीद

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत किया और आशा व्यक्त की है कि यह (युद्ध विराम) टिकाऊ होगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय सह आवास 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मीडिया को बताया, अगर वाकई युद्ध विराम संभव है, तो इसका स्वागत ही किया जा सकता है। रूसी संघ इस संघर्ष की शुरुआत से ही यही मांग कर रहा है। इसलिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह एक स्थायी युद्धविराम होगा। पेस्कोव ने कहा कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय के बयान देखे, (ईरानी विदेश मंत्री) अब्बास अरागची के बयान सुने, तथा राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के कई बयान देखे। उन्होंने कहा, अभी तक हमने तेहरान की ओर से कोई अन्य बयान नहीं देखा या सुना है।

# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंटों में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 16 लोगों की मौत, 100 घायल

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने देश के प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन भी दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- **यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी**

# नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

- **रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर तय होगा संगठन के 32 सदस्य देशों का रुख**

# आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

बीजिंग, एजेंसी

- **चीन में एससीओ की बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन में डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस हमले में लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था।

डोभाल ने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर उकसावे वाली थी। एनएसए ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने इन समूहों के बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने का आह्वान किया।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

- **चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी**

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है।

चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है।




- **भारत ने 67 अंक हासिल कर वैश्विक सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया**

# बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण मंजूर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है।

आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी। इस फैसले से बांग्लादेश को 88.4 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि की तत्काल पहुंच मिल गई है।

राहत भरी खबर

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।